संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 233
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
सोमवार 26 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



दुनिया में भारत का डंका, मोदी के नेतृत्व में आर्थिक शक्ति बना देश

सीएम योगी का बड़ा बयान



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी आर्थिक शक्ति का नया अध्याय लिखा है। वाराणसी में भारतीय वायुसेना के श्एयर शोश में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच श्एक्सश पर एक पोस्ट में कहा, श्श्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी आर्थिक शक्ति का नया अध्याय लिखा है।

उन्होंने कहा, श्श्आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।श्श मुख्यमंत्री ने कहा, श्श्राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ श्नए भारतश में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हुई हैं। नीति–निर्माण के केंद्र में आम जनता है, गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता है, अंत्योदय आत्मनिर्भरता का आधार है और जनभागीदारी विकास को जन–आंदोलन का रूप दे रही है। आदित्यनाथ ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, श्श्आस्था, अस्मिता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण नए भारत में सामाजिक न्याय, नारी सशक्तीकरण, डिजिटल नवाचार और आर्थिक समृद्धि की संभावनाएं साकार हो रही हैं। विकास की यह यात्रा जन–आकांक्षाओं को अवसरों में बदलते हुए राष्ट्र की सामर्थ्य को निरंतर विस्तार दे रही है।

उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, श्श्आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता, अराजकता और अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं।

जयशंकर की दो टूक

आतंकवाद को पालने वाले देशों पर कसे शिकंजा, युद्ध नहीं बातचीत से निकलेगा शांति का रास्ता



नयी दिल्ली,एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद और दुनिया में चल रहे संघर्षों को लेकर कड़ा संदेश दिया है। दिल्ली में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए बड़ा खतरा है और इसे किसी भी हाल में राज्य की नीति का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला युद्ध पूरी दुनिया की शांति को प्रभावित करता है। मौजूदा समय में चल रहे दो बड़े संघर्षों के बीच भारत का स्पष्ट मत है कि बातचीत और कूटनीति के जरिए ही विवादों का समाधान निकाला जा सकता है।

जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता। इसके पीछे कोई तर्क या बहाना स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं, क्योंकि कुछ देश इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को ज्यादा महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में आतंकवाद के खतरों से जुड़े कई सबक मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ देश अपने फायदे के हिसाब से फैसले लेते हैं। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया आतंकवाद के खिलाफ ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति दिखाए। सभी देशों को मिलकर इसके हर रूप और तरीके का मुकाबला करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी वैश्विक शांति के प्रयासों को कमजोर करती है।

काशी-चंदौली के गंगा तटों पर लाखों लोगों ने देखा सेना का शौर्य

पीएम मोदी ने दी सलामी



वाराणसी,संवाददाता। शिव की नगरी काशी में तीन दिवसीय एयर शो का रविवार को समापन हो गया। 22 अक्तूबर से ही गंगा के ऊपर भारतीय वायुसेना के विमानों के करतब देखने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ था। पहली बार आयोजित इस भव्य एयर शो ने शहरवासियों के साथ आसपास के जिलों के लोगों को भी रोमांचित किया। लोग किसी न किसी रास्ते से गंगा किनारे पहुंचकर विमानों का प्रदर्शन देखना चाहते थे। एक तरफ घाटों और गंगा तटों पर दर्शकों का हुजूम उमड़ रहा था, तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी बनाए हुए थीं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहुंचने पर यह उत्साह और बढ़ गया।

एयर शो देखने के लिए वाराणसी के नमो घाट से लेकर गंगा के दूसरी ओर चंदौली जिले के तटों तक बड़ी संख्या में लोग जुटे। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में विमानों के करतब देखने को लेकर खास उत्साह रहा। कई लोग दूरदराज के इलाकों से सुबह ही गंगा किनारे पहुंच गए थे, ताकि उन्हें एयर शो देखने का मौका मिल सके। गंगा के ऊपर विमानों की आवाज और उनके हवाई करतब दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। भीड़ को संभालने और यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए प्रशासन ने 20 से अधिक स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की थी। सुरक्षा एजेंसियां भीड़ और आवागमन पर नजर रखे हुए थीं। रविवार को करीब एक बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो घाट पर एयर शो देखने पहुंचे तो पूरा इलाका हर–हर महादेव और जय हिंद के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने नमो घाट से करीब एक किलोमीटर पहले ही रोड शो शुरू किया। रास्ते में काशीवासियों का उत्साह देखकर वह कार से बाहर आए और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान सड़क किनारे मौजूद लोगों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। भीड़ में से आवाज आई, "मोदीजी, एयर शो बहुत बढ़िया है।" प्रधानमंत्री ने मुस्कुराकर सिर हिलाया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उनकी एक झलक पाने और स्वागत करने के लिए लोग सड़क किनारे खड़े रहे। प्रधानमंत्री के आगमन ने एयर शो के अंतिम दिन के उत्साह को और बढ़ा दिया। एयर शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ रेल परिचालन को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती गई। प्रधानमंत्री के नमो घाट पर मौजूद रहने के दौरान मालवीय पुल से गुजरने वाली ट्रेनों को बिना रुके रवाना करने की व्यवस्था की गई। तीन दिवसीय एयर शो के पहले दिन चेन पुलिंग की घटना सामने आने के बाद रेलवे अधिकारी सतर्क हो गए थे। ऐसे में वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान ट्रेनों के परिचालन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी गई। एयर शो के लिए बड़ी संख्या में लोगों के जुटने को



देखते हुए सड़क यातायात और पार्किंग व्यवस्था को भी व्यवस्थित रखने की कोशिश की गई। जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरे आयोजन के दौरान सतर्क रहीं। नमो घाट पर एयर शो के दौरान वायुसेना के पायलट स्क्वाड्रन लीडर अंकिता सिंह, गौतम त्यागी और भावेश शर्मा ने मीडिया से बातचीत में अपने अनुभव साझा किए। भावेश शर्मा ने कहा कि विमान उड़ाते हुए हवा में बिताया हर पल उनके लिए खास है। उन्होंने बताया कि अब तक विमान उड़ाने के करीब 1600 घंटे का अनुभव उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है। वर्ष 2014 में कमीशंड होने के बाद उन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बनने का अवसर मिला। पायलटों के लिए विमान उड़ाना केवल तकनीकी दक्षता का काम नहीं, बल्कि अनुशासन, अभ्यास और जिम्मेदारी से जुड़ा अनुभव भी है।

नीतीश कुमार पर बरसे खरगे, बोले

समाजवादी विचारधारा से निकले नेता का संघ के साथ जाना दुखद

पटना,एजेंसी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार केशरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने श्रीकृष्ण सिंह को बिहार में लोकतंत्र की नींव मजबूत करने वाला अग्रणी नेता बताया। खड़गे ने कहा कि श्री बाबू ने जमींदारी प्रथा समाप्त कर और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम करके सामाजिक न्याय के नए अध्याय की शुरुआत की।



खरगे ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि के रूप में पहचाना जाता है। इस पवित्र धरती पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए उन्होंने आयोजन समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूरा देश श्री बाबू को याद करता है।

बिहार में कांग्रेस सरकारों के इतिहास का उल्लेख करते हुए खरगे ने कहा कि 1937 में श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में पहली कांग्रेस सरकार बनी थी। इसके बाद 1947 में दूसरी सरकार स्थापित हुई। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन के दौरान मुख्यमंत्री को 'प्रीमियर' कहा जाता था। भारतीय संविधान के तहत 1952 में हुए पहले विधानसभा चुनाव के बाद श्री बाबू 3 जनवरी 1961 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आज आरएसएस की बात की जाए तो लोग इसका अलग–अलग अर्थ निकाल सकते हैं। लेकिन, आपको निशाना इसलिए बनाया जा रहा है, क्योंकि आप अपनी स्थापना के समय से ही इसी गतिविधि में लगे हुए हैं। खरगे ने कहा, "इस देश में जब तक आरएसएस की विचारधारा बनी रहेगी, तब तक शांति नहीं होगी। उन्होंने एसआईआर के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का समर्थन करने की बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा, "यह आजादी की दूसरी लड़ाई है। खरगे ने कहा कि भाजपा और आरएसएस बिहार के दिग्गज नेताओं, जैसे डॉ. राजेंद्र प्रसाद, की विरासत को खत्म करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि नीतीश कुमार जैसे समाजवादी नेता भी उन लोगों के साथ चले गए, जो आरएसएस की विचारधारा में विश्वास करते हैं। खरगे ने कथित 'शुद्धिकरण' की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें शामिल लोगों का पता लगाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके खिलाफ हुए 'शुद्धिकरण' मामले की जांच कराने का वादा किया था, लेकिन जब राहुल गांधी हल्द्वानी गए तो उनके खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई।

ड्रग कार्टेल के ताबूत में आखिरी कील ठोकेंगे : अमित शाह

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बताया कि एजेंसियों ने असम, मिजोरम और मणिपुर में 38 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 1,424 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। अपने श्एक्सश हैंडल पर एक पोस्ट में अमित शाह ने श्ऑपरेशन ट्राइडेंटश की तारीफ की। शुक्रवार को चलाए गए इस ऑपरेशन का मकसद भारत, म्यांमार और बांग्लादेश में सक्रिय एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल को खत्म करना था। उन्होंने कहा, श्भारत तब तक कड़ा प्रहार करता रहेगा, जब तक कि ड्रग



कार्टेल के ताबूत में आखिरी कील न ठुक जाए। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में 100 करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन का पता चला है। इसके अलावा, 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है, साथ ही 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। उनके मुताबिक यह नेटवर्क श्डेथ ट्रायंगल कॉरिडोरश के जरिए भारत, म्यांमार और बांग्लादेश की सीमाओं के पार नशीले पदार्थों की तस्करी करता था। गृह मंत्री ने बताया कि यह ऑपरेशन 31 दिसंबर, 2029 तक हर ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने 23 अक्तूबर को हुई छापेमारी में मिली सफलता के लिए केंद्रीय एजेंसियों और तीनों राज्यों की पुलिस बलों से बनी एंटी–नारकोटिक्स टीम को बधाई दी।

ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर विवाद : कांग्रेस का सवाल

जानकारी क्यों छिपा रहा चुनाव आयोग?

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने रविवार को चुनाव आयोग पर विवादित ईसीआईनेट (ECINET) सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। पार्टी का दावा है कि निर्वाचन आयोग बार–बार इस जानकारी को सार्वजनिक करने से इनकार कर रहा है, क्योंकि इससे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित तौर पर हुई बड़े पैमाने की और केंद्रीकृत गड़बड़ियों की सच्चाई सामने आ सकती है। विपक्षी दल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की अपनी मांग भी दोहराई। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर के नाम और उसके संस्करण से जुड़ी जानकारी देने से इनकार कर दिया है। जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में कहा, भारतीय निर्वाचन आयोग विवादित ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी लगातार छिपा रहा है।

यह सॉफ्टवेयर एसआईआर की विवादित प्रक्रिया के केंद्र में है और इसका इस्तेमाल मतदाता



सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर को केंद्रीकृत तरीके से अंजाम देने के लिए किया गया है।

उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा, श्श्भारतीयों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के खुलासे से यह क्यों पता चला कि ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर उसी ने विकसित किया है? निर्वाचन आयोग ने इस जानकारी का पारदर्शी तरीके से खुलासा क्यों नहीं किया?

निर्वाचन आयोग एसआईआर और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में एआई के इस्तेमाल से बार–बार इनकार क्यों कर रहा है, जबकि इसका स्पष्ट रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है? कांग्रेस नेता ने कहा, श्श्ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर और निर्वाचन आयोग का आईटी विभाग उन मुद्दों में शामिल थे, जिन पर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कई आपत्तियां उठाई थीं। ये शिकायतें प्रधानमंत्री के अधीन आने वाले कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) तक भी पहुंची थीं। जनता जानती है कि बड़े पैमाने पर हेरफेर हुआ है। ज्ञानेश कुमार को पद छोड़ देना चाहिए। एसआईआर की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी जानी चाहिए।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का जानकारी देने से इनकार करना संदेह पैदा करता है। पार्टी के मुताबिक, ईसीआईनेट से संबंधित विवरण सामने आने पर एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच और समीक्षा में मदद मिल सकती है। पार्टी ने एसआईआर को लेकर अपनी आलोचना जारी रखते हुए इसे श्विनाशकारीश प्रक्रिया बताया। कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर और केंद्रीकृत स्तर पर हेरफेर हुआ है।

संपादकीय

अरुणाचल पर चीन की कुदृष्टि

ब्रिक्स समेत कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर लगातार मैत्री की बात करने वाले चीन द्वारा एलएसी पर तनाव पैदा करने की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। अरुणाचल बॉर्डर पर भारत व चीन के आमने–सामने होने की खबरों के सामने आने के बाद इस मुद्दे पर सियासत भी तेज हो गई है। दरअसल, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले कुछ समय से अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी के जवान व पीएलए के सैनिक आमने–सामने आए हैं। यह स्थिति बदली नहीं है। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस व विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को लेकर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाये जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस वर्ष जुलाई में उत्तर–पूर्वी सीमा पर तनाव शुरू होने के उपरांत पहली बार आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि हुई है। बताते हैं कि अरुणाचल प्रदेश में सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाके में यह तनाव बना हुआ है। वहीं सीमा पर तनाव के खुलासे और विपक्षी हमलों के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा कहा गया है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े विवादों को सुलझाने के लिये दोनों देश लगातार प्रयासरत हैं। दोनों पक्ष महसूस करते हैं कि भारत–चीन के बेहतर रिश्ते सीमा की शांति पर ही निर्भर करते हैं। बहरहाल, अरुणाचल को भारतीय संप्रभु हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता के बावजूद उसे दक्षिण तिब्बत कहना चीन के नापाक इरादों को ही दर्शाता है। वहीं आईटीबीपी के हालिया खुलासे में इस बात का भी जिक्र हुआ कि जुलाई से अब तक दोनों देशों के बीच तीन उच्चस्तरीय बैठकें हुई हैं, लेकिन तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जबकि इस दौरान ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिये चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत भी आ चुके हैं। यही वजह है कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि जुलाई से सीमा पर तनाव होने की खबरों को देश से छिपाया गया है। निस्संदेह, भारत व चीन के बीच साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी सीमा से जुड़े विवादों को लेकर देश चिंतित रहा है। भारतीयों के दिलों में 1962 के चीनी हमले के जख्म अभी भरे नहीं हैं। 'मुंह में राम और बगल में छुरी' की चीन की नीति पर भरोसा करना संभव भी नहीं है। हाल के वर्षों में गलवान का छल देशवासियों को याद है, जब हमने अपने बीस वीर जवानों को खोया था। वहीं भारत तिब्बत सीमा पुलिस के डीजी शत्रुजीत कपूर ने वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह के दौरान कहा था कि अरुणाचल सीमा पर तनाव के दौरान आईटीबीपी के कमांडो मुस्तैद रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नई गठित शौर्य कमांडो टीमों ने इस दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजस्थान के अलवर स्थित सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कपूर ने चीन की उन्नत सैन्य तकनीकों के मुकाबले के लिये आधुनिक हथियारों की जरूरत भी बतायी। उन्होंने स्वीकार किया कि पारंपरिक हथियारों व तरीकों से चीन का मुकाबला करना मुश्किल होगा। चीन ने बुनियादी ढांचे और हथियारों के आधुनिकीकरण में भारी निवेश किया है। आईटीबीपी के डीजी ने आधुनिक युद्धों के तौर–तरीकों में आ रहे बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज ड्रोन जैसी तकनीक से छोटे देश भी बड़े देशों का मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने ईरान द्वारा अमेरिका का मुकाबला करने तथा यूक्रेन द्वारा रूस को पहुंचाये जा रहे बड़े नुकसान का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि आईटीबीपी के आधुनिकीकरण के लिये चार हजार करोड़ का बजट बनाया गया है। जिसमें से एक हजार करोड़ रुपये ड्रोन शक्ति बढ़ाने पर खर्च किए जाएंगे। जिसमें एंटी ड्रोन सिस्टम मजबूत करना भी शामिल हैं। जिसके लिए ड्रोन प्लाटून बनायी गई हैं। वहीं ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही अपने ड्रोन खुद बनाने पर काम चल रहा है। इसके अलावा भूमिगत शेल्टर बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

पानी की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

बाबा मायाराम

मैंने कुछ समय पहले राजस्थान के गांवों का दौरा किया था, इसका उद्देश्य वहां के तालाबों की परंपरा को देखने समझने का था। इस यात्रा में हमने दर्जनों तालाबों देखे, गांव वालों से मिले और उनसे विस्तार से बात की। इस स्तंभ में एक तालाब की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे तालाबों के बारे में समझा जा सके, और पानी की समस्याओं का स्थायी हल खोजने में इससे मदद मिल सके। पश्चिमी राजस्थान के नागौर जिले का एक गांव है चावली। कुछ समय पहले तक यह आम गांव था, लेकिन अब खास बन गया है। क्योंकि यहां के लोगों ने गांव के तालाब का पुनरोद्धार कर लिया है। अब यह गांव पानी के मामले में स्वावलंबी है, बल्कि आसपास के गांवों को भी पानी उपलब्ध कराता है। इस पूरे काम में गांव वालों का सहयोग किया है उरमुल खेजड़ी संस्था ने, जो यहां लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में बरसों से जुटी है। यह इलाका थार का मरुस्थल कहलाता है। देश में सबसे कम बारिश इसी क्षेत्र में होती है। यह क्षेत्र खारे पानी की पट्टी में आता है। यहां भूजल खारा है। इस कारण यहां ट्यूबवेल व कुएं नहीं हैं या कम हैं। इस क्षेत्र में भूमिगत जल खारे होने के साथ ही 350 से 500 फुट तक नीचे भूजल है, जिसे निकालना भी काफी खर्चीला है। सिर्फ खरीफ की फसल वर्षा आधारित होती है, वह भी बारिश हो गई तो। हर तीसरे साल अकाल आता है। खेती में खरीफ की फसल बाजरा, मूंग, मोट व गवार होती है। पानी की कमी के चलते इस इलाके को डार्क जोन घोषित किया गया है। यानी यहां ट्यूबवेल से पानी निकालने पर भी रोक है। पानी के लिए सीमित साधन हैं। गांव के लोग बारिश के पानी से भरने वाले कुंड व सार्वजनिक तालाबों का पानी उपयोग में लाते हैं। नागौर जिले के जायल प्रखंड का गांव है चावली। इस गांव में 500 घर हैं। कुछ समय पहले तक सड़क भी नहीं थी। आवागमन में परेशानी होती थी, अब सड़क बन गई है, पर रोजगार के अभाव में बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। ईंट भट्टे, लोहे की मिलें, खदान, फसल कटाई, छोटे–मोटे धंधों के लिए लोग आसपास के शहरों से लेकर दूर गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल तक जाते हैं। मेघवाल, बावरी, कालबेलिया, नायक और लुहार इत्यादि पलायन करते हैं। यहां के तालाब का नाम शिवसागर है। इसका आगौर 700 बीघा है, और इसकी भराव क्षमता 12 बीघा में हैं। यह बहुत पुराना तालाब है। बरसों से इसका मरम्मतीकरण का काम नहीं हुआ था जिससे इसकी भराव क्षमता कम हो गई थी। दीवाली तक आते–आते इसका पानी खत्म हो जाता था। गांव वालों ने संस्था के सामने यह बात रखी कि अगर इस तालाब की खुदाई हो जाए तो सालभर पानी रह सकता है और उनकी पानी की समस्या का समाधान हो सकता है। उरमुल खेजड़ी संस्था के कार्यकर्ता बताते हैं कि तालाब के काम के लिए तीन चीजें जरूरी हैं– एक योजना बनाना, दो उसे जमीन पर उतारना और तीन, उसका रख–रखाव करना। इसके लिए हमने गांव वालों की एक समिति बनाई। यह समिति ने ही पूरा तालाब खुदाई व रख–रखाव का जिम्मा लिया। वे आगे बताते हैं कि तालाब के पुनरोद्धार की पूरी योजना बनाई। गांव–समाज को एकजुट किया। लोग अपने अपने घरों से गैंती, फावड़ा, तसलें, बेल ले आए। मिट्टी की खुदाई शुरू हो गई। कुछ खुदाई करते जाते हैं, कुछ उस मिट्टी को पाल पर फेंकते जाते है, कुछ उसे समतल करने लगते। कई किसानों ने इस उपजाऊ मिट्टी को उनके खेतों में डाला, जिससे फसलें अच्छी हों। तालाब के किनारे दो दीवारें बनाई गईं। चूना की चिनाई की गई। ईंट, गारे व सीमेंट से लाइनिंग की गई। कुछ ही समय में तालाब बनकर तैयार हो गया। बारिश आई तो लबालब भर गया। चावली गांव के लोगों ने बताया कि जब तालाब बन गया तो उसके रख–रखाव व साज–संभाल के बारे में सोचा गया। तालाब की रखवाली व देखभाल के लिए एक चौकीदार रखा गया। उसे घर–घर से 100 रुपए चंदा कर मानदेय दिया जाता है। तालाब के रख–रखाव के अलिखित नियम बनाए गए, जो गांव में सभी को मालूम हैं, और उस पर वे अमल भी करते हैं। वे आगे बताते हैं कि रख–रखाव के नियमों में आगौर में कोई अतिक्रमण न करे, यह सुनिश्चित किया। आगौर में गंदगी न हो, कोई शौच न करे। आसपास के गांव के लोग ऊंटगाड़े से पानी ले जा सकते हैं। सिर पर ले जा सकते हैं या टैंकर या ट्रेक्टर से नहीं। दीवाली तक पानी ले जा सकते हैं, क्योंकि उसके बाद तालाब में पानी कम हो जाता है। एक माह में एक परिवार को 3 टैंकर पानी ही मिलेगा, इससे अधिक नहीं। लेकिन शादी–विवाह में लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से पानी लेने की अनुमति है। पानी बेचने के लिए नहीं ले सकते हैं, सिर्फ पीने के लिए पानी ले जा सकते हैं। इसके अलावा, तालाब की साफ–सफाई करना, भराव में तालाब गहरीकरण का काम करना। टैंकर, ऊंटगाड़ा को तालाब के अंदर जाना मना है। पानी में टैंकर के टायर नहीं जाना चाहिए। गाय–भैंस को तालाब के अंदर नहीं जाने देते। मनुष्यों को भी तालाब में स्नान करना मना है। पानी से महिलाओं का वास्ता अधिक होता है। इससे रख–रखाव में महिलाओं को जोड़ा गया है। जल सहेली नामक समिति बनाई गई है। गांव की महिलाओं ने बताया कि वे सब भी तालाब की देखरेख व रख–रखाव में मदद करती हैं। निर्जला ग्यारस को गांव के सभी लोग तालाब पर एकत्र होते हैं और श्रमदान कर मिट्टी निकालते हैं। साफ–सफाई करते हैं। ग्रामीणों ने तालाब की मरम्मत के लिए भावी योजना भी बनाई है। एक तो तालाब के पार बनी ढाणियों के लिए सड़क निर्माण करवाना है जिससे उन ढाणियों के बच्चे बारिश में भी स्कूल आ सकें। तालाब की पाल और भी ऊंची करनी है, मरम्मत की भी जरूरत है। इस संबंध में ग्राम पंचायत को भी प्रस्ताव दिया गया है। यानी गांव–समाज, संस्था व ग्राम पंचायत मिलकर तालाब के रख–रखाव का काम कर रहे हैं। तालाब के किनारे वृक्षारोपण की भी योजना है। गांव के लोग तालाब में शिव की मूर्ति भी लगाना चाहते हैं। कुल मिलाकर, अब चावली गांव पानी के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है। सुंदर व स्वच्छ तालाब लबालब हो गया है। पीने के पानी के साथ, मवेशियों, पक्षियों व अन्य जीव–जंतुओं को भी पानी मिल रहा है। इस गांव के अलावा, अन्य कुछ गांवों को भी पानी मिल रहा है। यह सब संभव हुआ है, गांव के पारंपरिक ज्ञान, कौशल, श्रम व समुदाय की एकजुटता व जनभागीदारी से ही अनूठा तालाब के जीर्णोद्धार का काम हुआ है।

सरकारी स्कूलों में दाखिले के बाद की चुनौती?

निमिषा सिंह

पांच साल के बच्चे के हाथ में जब पहली किताब आती है, तो उसके साथ परिवार की उम्मीदें भी स्कूल पहुंचती हैं। माता–पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़े, आगे बढ़े और जीवन में बेहतर अवसर पाए, लेकिन क्या स्कूल में उसे ठीक से सीखने का मौका मिल रहा है? क्या वहां का माहौल उसकी उम्र और समझ के हिसाब से है? स्कूल में दाखिला मिलना एक बात है और वहां अच्छी शिक्षा मिलना दूसरी। यूनेस्को की तरफ से जारी ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (जीईएम) रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पांच साल के 51 प्रतिशत बच्चे पूर्व–प्राथमिक शिक्षा के बजाय प्राथमिक विद्यालयों में दाखिल हैं। यह आंकड़ा बताता है कि बड़ी संख्या में बच्चे कम उम्र में ही पहली कक्षा तक पहुंच रहे हैं। इसका यह मतलब नहीं कि इन सभी बच्चों ने पहले आंगनवाड़ी या किसी दूसरे केंद्र में पढ़ाई नहीं की। सवाल यह है कि पहली कक्षा में पहुंचने के बाद उन्हें किस तरह पढ़ाया जा रहा है। पांच साल की उम्र में बच्चे खेलते हुए, कहानियां सुनते हुए और सवाल पूछते हुए बहुत कुछ सीखते हैं। इस उम्र में उनके लिए पढ़ाई का मतलब केवल किताबों से अक्षर सीखना नहीं है। यदि शुरुआत से ही उन पर जल्दी–जल्दी लिखने, अक्षर याद करने और किताबें पूरी करने का दबाव डाला जाए, तो पढ़ाई में उनकी रुचि कम भी हो सकती है। इसलिए यह देखना जरूरी है कि बच्चे स्कूल तो पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां सीख भी पा रहे हैं या नहीं। भारत में सरकारी स्कूलों की अहमियत इसी बात से समझी जा सकती है। गांवों, छोटे कस्बों और कम आमदनी वाले परिवारों के लिए सरकारी स्कूल ही शिक्षा का सबसे सुलभ साधन हैं। हर परिवार निजी स्कूल की फीस और दूसरे खर्च नहीं उठा सकता। ऐसे में सरकारी स्कूलों की हालत का असर उन बच्चों पर सबसे ज्यादा पड़ता है, जिनके पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। एक तरफ कुछ परिवार अपने बच्चों को अच्छी सुविधाओं वाले स्कूलों में पढ़ा सकते हैं, वहीं दूसरी तरफ कई बच्चों को कमरों, शिक्षकों और पढ़ाई के साधनों की कमी के बीच पढ़ना पड़ता है। ऐसे में शिक्षा सबको आगे बढ़ने का समान अवसर कैसे दे पाएगी? सरकारी स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाना जरूरी है, लेकिन उतना ही जरूरी है कि उन्हें पढ़ने और समझने के लिए अच्छा माहौल भी मिले। बिहार के रोहतास जिले के रूपिबांध प्राथमिक विद्यालय की एक खबर इस स्थिति को समझने में मदद करती है। अक्टूबर 2026 की खबर के मुताबिक, वहां कक्षा एक से पांच तक के 82 बच्चे लगभग 20 गुणा 15 फुट के एक कमरे में पढ़ते हैं। स्कूल में चार शिक्षक और एक ब्लैक बोर्ड है। इसी कमरे में प्रधानाध्यापक का कार्यालय भी है और मध्याह्न भोजन की सामग्री भी रखी जाती है। यह बिहार के एक स्कूल का उदाहरण है, पूरे राज्य की तस्वीर नहीं, लेकिन इससे यह सवाल जरूर उठता है कि एक ही कमरे में पांच कक्षाओं के बच्चे पढ़ रहे हों, तो हर कक्षा पर कितना ध्यान दिया जा सकता है? पांच साल के बच्चों को खेल और गतिविधियों के जरिए पढ़ाने की बात करना आसान है, लेकिन इसके लिए जगह और जरूरी साधन भी तो होने चाहिए। केवल पाठ्यक्रम बदलने से स्कूलों की समस्याएं दूर नहीं होंगी। शिक्षा मंत्रालय के 2025–26 के आंकड़ों के मुताबिक, देश में सरकारी और निजी सहित सभी तरह के 1,00,843 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक दर्ज है। इनमें महाराष्ट्र के 9,269, उत्तरप्रदेश के 7,874, राजस्थान के 7,200 और बिहार के 2,006 स्कूल शामिल हैं। ये आंकड़े खाली पदों के नहीं, बल्कि एक शिक्षक वाले स्कूलों के हैं। अब सवाल यह है कि जहां एक शिक्षक को कई कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाना पड़ता है, वहां हर बच्चे की जरूरत पर कितना ध्यान दिया जा सकता है? पहली कक्षा में आने वाले सभी बच्चों की समझ और सीखने की गति एक जैसी नहीं होती। कुछ बच्चे घर पर किताबों और कहानियों से परिचित होते हैं, तो कुछ के लिए स्कूल ही सीखने का पहला बड़ा अनुभव होता है। ऐसे में शिक्षक को हर बच्चे को समझने और उसके हिसाब से पढ़ाने का समय मिलना भी जरूरी है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में एक पहल की गई है। शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा एक के बच्चों के लिए 12 सप्ताह का शविद्या प्रवेशश्च कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें खेल और दूसरी गतिविधियों के जरिए बच्चों को भाषा, शुरुआती गणित और आसपास की दुनिया के बारे में सिखाने का लक्ष्य है। ऐसी पहल का उद्देश्य बच्चों को पहली कक्षा की पढ़ाई के लिए तैयार करना है, लेकिन किसी योजना का असली असर तभी दिखता है, जब वह कक्षा में ठीक से लागू हो। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण और जरूरी सामग्री मिलनी चाहिए। बच्चों को भी अपनी बात कहने, सवाल पूछने और दूसरे बच्चों के साथ मिलकर सीखने का मौका मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश के 200 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में किए गए एक अध्ययन के नतीजे इस ओर ध्यान दिलाते हैं। टीचिंग लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे 2025 के मुताबिक, लगभग दो–तिहाई कक्षाओं में बच्चों को खुलकर बोलने, शिक्षक से बातचीत करने और एक–दूसरे से सीखने के सीमित अवसर मिले। अध्ययन में 73 प्रतिशत शिक्षकों को बच्चों की घरेलू भाषा की जानकारी थी, लेकिन लगभग 10 प्रतिशत शिक्षक ही उस भाषा का नियमित इस्तेमाल करते पाए गए। बच्चा जिस भाषा में घर पर बात करता है और अपने आसपास की दुनिया को समझता है, उसी भाषा के सहारे नई बातें सीखना उसके लिए आसान होता है। शुरुआती कक्षाओं में यदि बच्चों को अपनी बात कहने और सवाल पूछने का मौका मिले, तो वे पढ़ाई से बेहतर ढंग से जुड़ सकते हैं। शिक्षक का काम केवल पाठ पढ़ाना नहीं, बल्कि यह समझना भी है कि बच्चे उसे कितना समझ पा रहे हैं। इस पूरी चर्चा में आंगनवाड़ी की भूमिका को भी नहीं भूलना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में तीन से छह साल के बच्चों की शुरुआती शिक्षा पर जोर दिया गया है।


इस उम्र में खेल, गीत, कहानियां और बातचीत बच्चों को सीखने में मदद करते हैं। इसलिए आंगनवाड़ी से प्राथमिक विद्यालय तक बच्चे की पढ़ाई का सिलसिला बना रहना चाहिए। बिहार में श्एएसईआर 2024च्य की रिपोर्ट के मुताबिक, पांच साल के बच्चों का आंगनवाड़ी में नामांकन 2018 के 36.4 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 48.3 प्रतिशत हो गया। यह अच्छी बात है कि आंगनवाड़ी तक पहुंचने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है, लेकिन इसके साथ यह भी देखना होगा कि वहां बच्चे जो सीखते हैं, उसे पहली कक्षा में आगे बढ़ाने की व्यवस्था है या नहीं। यदि दोनों के बीच तालमेल हो, तो बच्चे के लिए स्कूल में आगे की पढ़ाई समझना आसान हो सकता है। यूनेस्को की रिपोर्ट ने शुरुआती शिक्षा पर चर्चा का एक जरूरी आधार दिया है। पांच साल के बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में दाखिला अपने आप में गलत नहीं है। असली बात यह है कि स्कूल उनकी उम्र और जरूरतों के मुताबिक पढ़ाने के लिए तैयार हैं या नहीं। बच्चों को पर्याप्त शिक्षक, ठीक कक्षाएं और सीखने के अच्छे अवसर मिलें, तभी कम उम्र में स्कूल पहुंचना उनके लिए उपयोगी साबित होगा।

मायानगरी में फिर लौटा अंडरवर्ल्ड का साया

फिल्म के पर्दे पर अपराधियों से मुकाबला करने वाले सितारे इन दिनों वास्तविक जिंदगी में खुद गोलियों और धमकियों के निशाने पर हैं। टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई गोलीबारी, सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग और रोहित शेट्टी को निशाना बनाए जाने की घटनाओं ने फिल्म इंडस्ट्री की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। कभी हाजी मस्तान और दाऊद इब्राहिम के नाम से खौफ खाने वाला बॉलीवुड अब लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की धमकियों से दहशत में है। सवाल यह कि क्या संगठित अपराध एक बार फिर फिल्मी दुनिया को अपने प्रभाव में लेने की कोशिश कर रहा है? मुंबई फिल्म जगत और अंडरवर्ल्ड के रिश्ते का इतिहास कई दशक पुराना है। इसकी शुरुआत किसी एक घटना से नहीं हुई, बल्कि फिल्म निर्माण में धन की जरूरत, सीमित वित्तीय स्रोत और मुंबई में सक्रिय आपराधिक गिरोहों की आर्थिक ताकत ने इसके लिए जमीन तैयार की। पहले 1970 और 80 के दशकों में हाजी मस्तान का नाम फिल्मी हस्तियों से मेलजोल और प्रभावशाली सामाजिक छवि के कारण चर्चा में रहा। लेकिन, उस दौर के सभी संपर्कों को आपराधिक गठजोड़ मानना सही नहीं होगा। नब्बे के दशक में दाऊद इब्राहिम के गिरोह डी–कंपनी का नाम फिल्म उद्योग में धमकियों, जबरन वसूली और कारोबार में हस्तक्षेप के आरोपों के साथ सामने आया। फिल्म निर्माताओं, वितरकों और सितारों को निशाना बनाने की कोशिशों ने यह आशंका पैदा की कि अपराधी गिरोह फिल्मी दुनिया की आर्थिक ताकत और लोकप्रियता का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना चाहते हैं। किसी बड़े सितारे से नजदीकी दिखाना प्रतिष्ठा का माध्यम था, तो निर्माता को धमकाना धन वसूलने का रास्ता। 12 अगस्त 1997 को टी–सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के आरोपों की जांच हुई। अब्दुल रऊफ उर्फ दाऊद मर्चेंट को हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया और उसकी उम्रकैद की सजा को 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा। हालांकि, मामले के अन्य आरोपियों की कानूनी स्थिति अलग–अलग रही। गुलशन कुमार की हत्या ने फिल्म जगत को संदेश दिया कि आपराधिक दबाव का विरोध करना जानलेवा भी हो सकता है। साल 2000 में फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन पर भी गोली चलवाई गई। वे बच गए। इससे पहले और बाद में निर्माता राजीव राय, मुकेश दुग्गल और अन्य फिल्मी कारोबारियों को धमकियों तथा हमलों का सामना करना पड़ा। अबू सलेम का नाम भी फिल्मी हस्तियों से जबरन वसूली और धमकियों के मामलों में सामने आया। इन घटनाओं से डर पैदा हुआ कि अपराधियों की पहुंच केवल पैसे मांगने तक नहीं। वे फिल्म निर्माण, वित्त इंतजाम, वितरण और कारोबारी फैसलों को प्रभावित करने की कोशिश भी कर सकते हैं। बॉलीवुड–अंडरवर्ल्ड संबंधों के किस्सों में अभिनेत्रियों के नाम भी आते रहे। अभिनेत्री मंदाकिनी और दाऊद इब्राहिम के कथित संबंधों को लेकर सालों तक मीडिया में चर्चाएं हुईं। जबकि, इन चर्चाओं को प्रमाणित तथ्य मानना उचित नहीं। फिर भी, अपराध जगत से जुड़े लोगों और फिल्मी हस्तियों के सामाजिक संपर्कों, पार्टियों, विदेश यात्राओं और कारोबारी संबंधों ने कई बार संदेह जरूर पैदा किए। लेकिन जहां धमकी, दबाव या जबरन वसूली किसी कलाकार की आजादी को प्रभावित करे, वहां यह संबंध गंभीर चिंता का विषय बन जाता है। हाल के सालों में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ी घटनाओं ने फिल्म इंडस्ट्री की चिंताएं फिर बढ़ा दी। सलमान खान के साथ गिरोह की दुश्मनी की पृष्ठभूमि 1998 के काले हिरण शिकार प्रकरण से जुड़ी है। इस मुद्दे को लेकर लॉरेंस ने सलमान खान को धमकियां दीं। 14 अप्रैल 2024 को सलमान के आवास के बाहर हमलावरों ने गोलीबारी की। मामले में जांच हुई और कई आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अक्तूबर 2024 में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या ने भी इस गिरोह को लेकर चिंता बढ़ाई। फरवरी 2026 में मुंबई में फिल्म निर्माता और निर्देशक रोहित शेट्टी के आवास के बाहर गोलीबारी हुई। जांच में लॉरेंस गिरोह से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई। इसके बाद 18 अक्तूबर 2026 को टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलीबारी हुई। टाइगर सुरक्षित बच गए, लेकिन उनके ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति को गोली लगी। गिरोह से जुड़े लोगों ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया और धमकी भी दी। इस घटना ने बॉलीवुड में सुरक्षा को लेकर भय और चिंता को फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। इन घटनाओं में एक समान प्रवृत्ति दिखाई देती है। किसी चर्चित व्यक्ति को निशाना बनाना, घटना की जिम्मेदारी का प्रचार करना और फिर धमकी देकर अपनी पहुंच का प्रदर्शन करना। इससे संबंधित व्यक्ति या उसके कारोबारी सहयोगियों पर दबाव बनाया जा सकता है और व्यापक समाज में गिरोह की दहशत फैल सकती है। पहले धमकी फोन कॉल तक सीमित रहती थी, लेकिन अब गोलीबारी के बाद संदेश, वीडियो और पोस्ट के जरिये कुछ ही मिनटों में भय फैलाया जा सकता है। किसी बड़े अभिनेता को निशाना बनाना अपराधियों को मुफ्त प्रचार दिलाता है। फिलहाल यह कहना सही नहीं होगा कि पूरा बॉलीवुड अपराधियों के नियंत्रण में है। औपचारिक बैंकिंग, कॉरपोरेट स्टूडियो और वित्तीय पारदर्शिता ने फिल्म निर्माण की व्यवस्था में बदलाव जरूर किया है। इसके बावजूद धमकी और जबरन वसूली का खतरा खत्म नहीं हुआ। इसलिए केवल सितारों की सुरक्षा बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। हमलावरों के साथ हथियार उपलब्ध कराने वालों, साजिशकर्ता और आर्थिक मददगारों तक पहुंचना भी जरूरी है। टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई गोलीबारी का दुखद पहलू यह भी कि इस घटना में वे लोग भी घायल हुए जिनका कथित विवाद से कोई लेना–देना नहीं। यही संगठित अपराध का सबसे खतरनाक चेहरा है।

मिनी मैराथन में हुंडई हाई स्कूल और फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल का जलवा

बालिका वर्ग में हुंडई हाई स्कूल 50 अंकों के साथ चैंपियन, बालक वर्ग में फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल ने जीती टीम ट्रॉफी





प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सेंट थॉमस स्कूल में शनिवार को 14वीं फादर रॉल्फी डिसूजा मेमोरियल मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के 200 से 300 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग की टीम चौंपियनशिप में हुंडई हाई स्कूल ने 50 अंक हासिल कर खिताब जीता, जबकि बालक वर्ग में फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल 25 अंकों के साथ विजेता बना।

खेल भावना और अनुशासन का दिया संदेश

कार्यक्रम में मर्सी मेमोरियल स्कूल की प्रधानाचार्या मरीना सिरिल मुख्य अतिथि तथा सेंट जेवियर्स इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य फादर राजेश साइमन ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि मैराथन का महत्व केवल दौड़ पूरी करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से दृढ़ संकल्प, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार ने अतिथियों, प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों और आयोजन में सहयोग देने वालों के प्रति आभार जताया। उन्होंने मैराथन की शुरुआत में योगदान देने वाले रॉकी एडविन सहित मैथ्यू जोसेफ, प्रिया सचान, विपिन पाल, आशीष ऑगस्टीन और एलन डिसूजा के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

बालिका वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में सेंट थॉमस स्कूल की अनिका गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, बालक वर्ग में फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल के पवन पाल ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक स्वास्थ्य और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ स्वर्गीय फादर रॉल्फी डिसूजा के योगदान को याद करना रहा।

बालिका वर्ग में हुंडई हाई स्कूल अव्वल

बालिका वर्ग की टीम चौंपियनशिप में हुंडई हाई स्कूल 50 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा। सेंट थॉमस स्कूल ने 25 अंक हासिल कर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में अनिका गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल किया।

बालक वर्ग में फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल विजेता

बालक वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल के पवन पाल पहले स्थान पर रहे। शिवाजी इंटर कॉलेज के ऋषि राज ने दूसरा और यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय के ईशान मिश्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सेंट थॉमस स्कूल के सौरभ वर्मा चौथे तथा सेंट फ्रांसिस जेवियर इंटर कॉलेज के कृष्णा गुप्ता पांचवें स्थान पर रहे।

टीम चौंपियनशिप में फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल ने 25 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। शिवाजी इंटर कॉलेज 20 अंकों के साथ दूसरे, यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय 15 अंकों के साथ तीसरे, सेंट थॉमस स्कूल 10 अंकों के साथ चौथे और सेंट फ्रांसिस जेवियर इंटर कॉलेज पांच अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

दसई बंधवा में पानी टंकी अधूरी, 3000 आबादी के लोग पानी को तरसे

सरकारी परियोजना का लाभ नहीं, परिसर में झाड़ियां उगने से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। गौहनिया क्षेत्र के दसईबंधवा में लाखों रुपये की लागत से निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य अधूरा पड़ा



है।करीब 3000 की आबादी वाले इस इलाके के ग्रामीण आज भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सरकार की ओर से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई परियोजना का लाभ अब तक लोगों को नहीं मिल सका है। वहीं, अधूरी पड़ी पानी की टंकी और उसके परिसर की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी की टंकी का निर्माण शुरू कराया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि टंकी का निर्माण पूरा होने के बाद घरों तक पानी पहुंचेगा और उन्हें पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद परियोजना अधूरी है और लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

जारी के दशहरा मेले में उमड़ा आस्था और उत्साह का सैलाब

राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती और काली तांडव की प्रस्तुति ने मोहा मन, देर रात तक निकला रामदल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जारी, प्रयागराज। जारी बाजार में शनिवार को दशहरा मेले के दौरान भव्य रामदल निकाला गया। आकर्षक झांकियों और रंग-बिरंगी रोशनी से बाजार जगमगा उठा। रामदल में श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की सवारी आकर्षण का केंद्र



रही। वहीं, श्रीराम युवा कमेटी की ओर से प्रस्तुत राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती और काली तांडव के नृत्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजकों के अनुसार, मेले में करीब 30 से 40 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान रहा।

प्रेम प्रवर्तक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामदल की शुरुआत पुराने बस अड्डे से हुई। सबसे आगे मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मियों और बेटियों की झांकी निकाली गई। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक आकर्षक चौकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। रामदल विभिन्न मार्गों से होते हुए नहर तक पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। मेले में सजी दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की और बच्चों ने खिलौनों व खानपान की दुकानों पर मेले का आनंद उठाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बारा विधायक डॉ. वाचस्पति शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसीपी कौंधियारा अब्दुल सलाम खान, थानाध्यक्ष अनिल पांडेय, जारी चौकी प्रभारी प्रहलाद पाल और सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस की निगरानी में मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

पंचायत से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तक आराधना मिश्रा 'मोना' का सफर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़, प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' का राजनीतिक सफर पंचायत से प्रदेश नेतृत्व तक संघर्ष, जनसेवा और जनविश्वास की



मिसाल है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की पुत्री आराधना मिश्रा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत साधन सहकारी समिति से की। इसके बाद वह रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक की प्रथम निर्विरोध प्रमुख बनीं और लगातार तीन बार ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुईं। वर्ष 2014 में पहली बार रामपुर खास से विधायक निर्वाचित होने के बाद उन्होंने 2017 और 2022 में भी जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता की जिम्मेदारी संभाली। 2 अक्टूबर 2026 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उनके राजनीतिक सफर में नया अध्याय जुड़ा। महिला सशक्तीकरण, किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के साथ संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के मुद्दों पर उनकी सक्रियता रही है। सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल भी उनके जनसेवा कार्यों का हिस्सा है। पंचायत से प्रदेश अध्यक्ष तक की उनकी यात्रा राजनीतिक संघर्ष, संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्रयागराज, शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में बंधवा गांव मे किसानों का पांचवें दिन भी धरनाजारी, बंधवा गांव में मूलभूत सुविधाओं की मांग,

वोट बहिष्कार की चेतावनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। शंकरगढ़ विकास खंड थाना क्षेत्र शंकरगढ़ के बंधवा गांव के जिल्ला में विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसान के कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। धरने में 50 से अधिक किसान शामिल होकर गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन किसान के शंकरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अरुण सिंह की अगुवाई में चल रहे इस धरना-प्रदर्शन में ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभागों के प्रति नाराजगी जताई।

धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि ग्राम सभा में अब तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। सड़क की सुविधा भी नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दौरान दैवी आपदा से जिन गरीब परिवारों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए या गिर गए, उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है।

इसके अलावा जरूरतमंद परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का आरोप

है कि बार-बार समस्याएं उठाने के बावजूद उनकी मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है पानी ग्रामीणों के मुताबिक गांव में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। उनका कहना है कि ग्राम सभा में एक भी हैंडपंप नहीं है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी



होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में हैंडपंप लगवाने के साथ सड़क और नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

मांगें पूरी नहीं हुईं तो करेंगे वोट बहिष्कार धरने पर बैठे किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। किसानों का कहना है कि वे किसी भी राजनीतिक दल को वोट नहीं देंगे। उनका उद्देश्य गांव की लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान कराना है।

धरने में शामिल प्रभावती, रामरती, सियाराम, रामभवन और शंकरलाल समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा।

विनीता हॉस्पिटल में सेवा सम्पूर्ति सम्मान एवं प्रोन्नति अभिनन्दन समारोह सम्पन्न

न्यायिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों का हुआ सम्मान, प्रोन्नत अधिकारियों का अभिनन्दन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 25 अक्टूबर। विनीता हॉस्पिटल प्रा० लि०, फाफामऊ, प्रयागराज के मंगलम् सभागार में रविवार को सेवा सम्पूर्ति सम्मान एवं प्रोन्नति अभिनन्दन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में न्यायिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएँ प्रदान करने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया तथा प्रोन्नति प्राप्त अधिकारियों का अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान विश्वकर्मा के पूजन, माँ सरस्वती की वन्दना, माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। उन्हें स्मृति चिह्न एवं अभिनन्दन-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विनीता हॉस्पिटल प्रा० लि० के निदेशक डॉ. बिन्दू विश्वकर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए समारोह के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने आयोजन के उद्देश्यों एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात श्री लालता प्रसाद विश्वकर्मा, प्रोफेसर संजय प्रसाद शर्मा, प्रोफेसर सुनील कुमार विश्वकर्मा, श्री आर.एल.





विश्वकर्मा, श्री वेदप्रकाश शर्मा तथा श्री राममूरत विश्वकर्मा ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया।

समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आचार्य प्रोफेसर (डॉ.) पन्नालाल विश्वकर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आचार्य प्रोफेसर (डॉ.) उमाकांत यादव उपस्थित रहे।

समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री सुभाष चन्द्र शर्मा तथा प्रयागराज मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) श्री राम नारायण विश्वकर्मा को सेवा सम्पूर्ति सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर उनके दीर्घ सेवाकाल, दायित्वों के कुशल निर्वहन तथा न्यायिक एवं शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने सेवा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को सार्वजनिक जीवन के महत्त्वपूर्ण मूल्य बताते हुए कहा कि दीर्घकाल तक निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में संयुक्त सचिव के पद पर प्रोन्नति प्राप्त श्री जय शंकर झा तथा नगर विकास विभाग के संयुक्त सचिव श्री राजेश्वरी विश्वकर्मा का अभिनन्दन किया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों अधिकारियों को उनकी उपलब्धियों और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीआईजी श्री राधेश्याम विश्वकर्मा, विनीता हॉस्पिटल प्रा० लि० के निदेशक डॉ. बिन्दू विश्वकर्मा एवं प्रबन्ध निदेशक डॉ. विनीता विश्वकर्मा, कमला मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, जॉर्ज टाउन, प्रयागराज के निदेशक डॉ. सुनील विश्वकर्मा तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रयागराज मण्डल की वित्त एवं लेखाधिकारी डॉ. कीर्ति विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

समारोह में सेवा-भावना, कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा उपलब्धियों के सम्मान की परम्परा पर विशेष बल दिया गया। आयोजन का उद्देश्य न्यायिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्यरत विशिष्ट व्यक्तित्वों के योगदान को सम्मानित करना तथा प्रोन्नति प्राप्त अधिकारियों की उपलब्धियों का अभिनन्दन करना रहा।

इस कार्यक्रम का आयोजन वी-वेदान्ता ट्रस्ट एवं विनीता हॉस्पिटल प्रा० लि०, फाफामऊ, प्रयागराज द्वारा किया गया। समारोह का संचालन राजकुमार मिश्र ने किया। समापन अवसर पर विनीता हॉस्पिटल की प्रबन्ध निदेशक डॉ. विनीता विश्वकर्मा ने सम्मानित व्यक्तित्वों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके भावी जीवन एवं दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

एमआईसी ए को मिली जीत, रेलगांव और जैदी इंडोर क्लब का मैच टाई

सैयद असद कासिम अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। एमआईसी ए ने जैदी इंडोर क्लब बी को 23 रन से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। वहीं, रेलगांव क्लब और जैदी इंडोर क्लब ए के बीच खेला गया मुकाबला टाई रहा।



मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर खेले गए पहले मैच में एमआईसी ए ने छह विकेट पर 164 रन (सूरज चौहान 70, अंश सिंह 24, अर्श अहमद 2/34 पवन, शिवांश मिश्रा व शुभ सोनी एक-एक विकेट) बनाए।

जवाब में जैदी इंडोर क्लब बी की टीम छह विकेट पर 141 रन (वीर प्रताप 73 नाबाद, दिव्यांश सिंह 25, अर्श अहमद 14, नितीश कुमार 2/27, अल्तमश 2/31) ही बना सकी। सूरज चौहान को आयोजन सचिव व पूर्व क्रिकेटर शमशाद अहमद ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में रेलगांव क्लब ने पांच विकेट पर 131 रन (शादान अब्बास रिजवी 59, हर्षित जी सहाय 45, जय वर्धन सिंह 20 नाबाद, हर्षित तिवारी 2/26) बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जैदी इंडोर क्लब ए ने भी सात विकेट पर 131 रन

(हर्षित तिवारी और हर्ष राज सिंह ने 43-43, देवांश कुमार स्वप्निल 24, श्लोक चतुर्वेदी 2/03, मोहम्मद अकदस अली 2/13) ही बना सकी और मुकाबला टाई हो गया। हर्षित तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

कल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल एमआईसी ए और जैदी इंडोर क्लब ए के बीच सुबह 8रू30 बजे से और दूसरा सेमीफाइनल रेलगांव क्लब एवं सावित्री देवी क्लब के बीच दोपहर 12रू30 बजे से खेला जाएगा।

एसीडीसीसी और एंकोर्ड इलेवन को मिली जीत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सीसीटीवी कप प्रयागराज 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता में एसीडीसीसी ने आईबीसीसी सीपी प्लस इलेवन को पांच विकेट से और एंकोर्ड इलेवन ने ईवीटीईक्यू इलेवन को तीन विकेट से हराकर जीत दर्ज की। दौलत हुसैन क्रिकेट मैदान पर खेले गए पहले मैच में आईबीसीसी सीपी प्लस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 151 रन (मोहम्मद यासीन 39, नावेद 36, जानू 16, पीके पाठक 4/28, अवनीश 2/22, विभूति नारायण, इरफान सिद्दीकी और तौहीद अहमद एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में एसीडीसीसी ने 13 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन (शिशिर 32, बृजेश 30 नाबाद, साजिद खान ने 28, विभूति नारायण 16, मोहम्मद आरिफ, फराज अहमद, मोहम्मद यासीन, नावेद और जानू ने एक-एक विकेट) बना लिए। दूसरे मैच में ईवीटीईक्यू इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन (पप्पू 49, यासिर अली 39, अरहम सिद्दीकी 33 नाबाद, अजमान खान 25, मोहम्मद दाऊद, आदित्य सिंह और कृष्णा यादव ने एक-एक विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए एंकोर्ड इलेवन ने 15.5 ओवर में चार विकेट पर 188 रन (मोहम्मद दाऊद 111, अजेंद्र सिंह पटेल 38, प्रखर 22, यासिर अली, मुबल्लिग आमिर, अरहम सिद्दीकी और मोहम्मद मुअज्जम एक-एक विकेट) बनाकर तीन विकेट से जीत हासिल की।

प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर रामपुरखास में स्वागत के नए रिकार्ड की चमक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद शनिवार को रामपुरखास में सांसद प्रमोद तिवारी के साथ आराधना मिश्रा मोना के स्वागत का एक नया रिकार्ड नजर आया है। रविवार को स्थानीय कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मोना के ऐतिहासिक स्वागत को लेकर क्षेत्रीय जनता के प्रति आभार जताया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रथम बार क्षेत्र पहुंचने पर रामपुरखास की जनता तथा कार्यकर्ताओं के जोरदार समर्थन व स्वागत को सेवा एवं विकास के लिए सशक्त पूंजी कहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार भी जताया है। वहीं बैठक में प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, लालजी यादव, दृगपाल यादव, रघुनाथ सरोज, लल्लन सिंह, अरविंद सिंह, भुवनेश्वर शुक्ल,



महमूद आलम, डा. चन्द्रेश सिंह, डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटे लाल सरोज, रामकृपाल पासी, रामनेवाज रजक, दयाराम वर्मा आदि ने भी लालगंज में हुई जनसभा की सफलता को लेकर व्यापारियों तथा अधिवक्ताओं व शिक्षकों एवं क्षेत्रीय लोगों के प्रति आभार जताया। स्वागत कार्यक्रमों में ग्रामीणों खासकर महिलाओं की जोरदार उपस्थिति को लेकर कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को भी कांग्रेसियों का उत्साह जोश में देखा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का खास अवसरों पर परम्परागत स्वागत भी अभी तक बढ़ चढ़कर दिखता था। शनिवार को कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद रामपुरखास में अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंची आराधना मिश्रा मोना के स्वागत में जिस तरह से कार्यकर्ताओं का हौंसला दिखा और ग्रामीणों की बढ़ चढ़कर भागीदारी दिखी वह एक नए रिकार्ड की सियासी चमक दे गया है। रायबरेली–प्रतापगढ़ की अगई सीमा पर वाहनों का लम्बा कारवां और कार्यकर्ताओं का जोश तथा ग्रामीणों की हजारों की तादात में उपस्थिति यह बयां कर रही थी कि रामपुरखास



को आराधना मिश्रा के नाम पर अपने बढ़े सियासी कद का बखूबी एहसास हुआ है। अगई से लालगंज पहुंचने में पिता प्रमोद तिवारी के साथ आराधना मिश्रा मोना को करीब साढ़े चार घंटे लगा भी। लालगंज चौक पर हुई जनसभा में भी उमडी भीड़ यह साफ बयां कर गयी कि आराधना मिश्रा मोना को प्रदेश अध्यक्ष देखकर रामपुरखास के लोग किस कदर मगन हैं। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी और विधायक मोना के स्वागत का जनसमर्थन विपक्ष की गैलरी में सन्नाटा भी फैला देखा गया। विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र की स्वागत सभा में पढ़ी गई शायरी भी सियासी रंगत को गाढ़ा किये हुए नजर आयी है। स्वागत सभा में प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने मिशन 2027 के लिए कार्यकर्ताओं के हाथ अपने चुनाव की कमान भी मजबूती से सौंपी। आराधना मिश्रा ने भरे मंच से कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर रामपुरखास के चुनाव के लिए तैयार हैं कि हामी भी असरदार ढंग से भरवाने की सियासी सूझबूझ भी दिखलायी। वहीं कार्यकर्ताओं व समर्थकों में अपनी विधायक के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पड़ोसी जिले रायबरेली, सलोन, करहिया, साहबगंज में भी हुए स्वागत को लेकर उत्साह दोगुना चढ़ा देखा गया।

पैतृक बाजार संग्रामगढ़ में भी प्रदेश अध्यक्ष मोना का प्रमोद के साथ हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़, प्रतापगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पैतृक बाजार संग्रामगढ़ में भी शनिवार की रात आराधना मिश्रा मोना का सांसद प्रमोद तिवारी के साथ जोरदार स्वागत हुआ। क्षेत्र



में स्वागत कार्यक्रमों के चलते आराधना मिश्रा मोना देर रात संग्रामगढ़ पहुंच सकीं। मोना के बाजार पहुंचते ही काफी देर से इंतजार कर रहे व्यापारियों तथा आसपास के ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर जोरदार स्वागत किया। इसके चलते सांसद प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना को पूरी बाजार से होकर घर के लिए निकलना पड़ा। बाजार में हाईवे के दोनों किनारे व्यापारी, महिलाएं, बुजुर्ग तथा समर्थक पंक्तिबद्ध खड़े होकर पुष्पवर्षा के जरिए अपनी खुशी बयां कर रहे थे। स्वागत कार्यक्रमों को लेकर विधायक के पुत्र राघव व छोटी बहन विजयश्री सोना भी लोगों के प्रति आभार की मुद्रा में नजर आयीं। वहीं पैतृक आवास के सामने भी बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने पूर्व प्रमुख पुष्पा के नेतृत्व में मोना का पारिवारिक रश्म के तहत स्वागत किया। जिसमें डीजे व । बैंड बाजा ढोल नगाड़ा के साथ माला फुल व मिठाइयों सेइस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रेशमलाल जायसवाल, अतुल तिवारी, राजेश बाबा, पंकज कौशल, दिलीप कौशल, आनंद अग्रहरि, आलोक पटेल, मिश्रीलाल वैश्य, धीरज साहू, रिंकू श्रीवास्तव, सिद्धार्थ गुप्ता गुलाब पटवा राजेश कौशल अंकुश अग्रहरि बदलूराम पटेल, अरूण तिवारी, रवीन्द्र मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

पीईटी परीक्षा के चलते बाजार में लगा जाम, हलाकान हुए राहगीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। रविवार को पीईटी परीक्षा को लेकर स्थानीय बाजार में भीड़ के चलते घंटो जाम को लेकर हलाकान दिखे।



विद्यालयों के गेट पर भी परीक्षार्थियों और अभिवावकों का सुबह से ही भारी जमावड़ा देखा गया। पुलिस प्रशासन परीक्षा केन्द्रों पर शांति व्यवस्था के लिए मुस्तैद दिखा। परीक्षा को लेकर चौक से लेकर स्टेट बैंक तक रायबरेली प्रतापगढ़ नेशनल हाईवे पर वाहनों का लम्बा जाम देखा गया। इसके चलते राहगीरों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। बाजार में पिकेट पुलिस भी जाम को लेकर मशक्कत में दिखी। वहीं पीईटी परीक्षा को लेकर एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा सीओ राजीव द्विवेदी भी प्रशासनिक प्रबन्धों को लेकर मुस्तैद दिखे। शाम को परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

द्वारिकाधीश का अवतार सत्य के धर्म पालन की है सीख- सर्वेशपति त्रिपाठी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। खालसा सादात के पण्डित का पुरवा में हो रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। व्यासपीठ के पूजन अर्चन के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए कथाव्यास राजगुरू सर्वेशपति त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जगत में हुई लीला नीति और धर्म के पालन की हमें सीख दिया करती है। उन्होने कहा कि द्वारिकाधीश ने जगत को सत्य के धर्म की रक्षा के कर्तव्य पालन का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होने कहा कि भगवान का प्रतिफल उसे ही मिला करता है जिसका जीवन सदाचरण में हुआ करता है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीमदभागवतगीता मनुष्य के कर्म साधना का पथ प्रदर्शक ग्रन्थ है। कथा के दौरान भक्ति संगीत में भी श्रद्धालु भगवान के नाम के जाप में मगन दिखे। यजमान कमला देवी व त्रिलोचन प्रसाद ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर राकेश पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दिनेश पाण्डेय, अनिल महेश, राजेश कुमार, बृजेश कुमार, अभिषेक, सरिता, रीता, रक्षा, सृष्टि आदि मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन की बैठक में अब्दुल महबूब बने नए कोषाध्यक्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन की मासिक बैठक रविवार को आवास विकास स्थित कार्यालय में जनपद अध्यक्ष कैप्टन हरिशंकर सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई। संचालन महासचिव कैप्टन मेवालाल वर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दशहरा और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई और सदस्यों ने अपने विचार रखे। महासचिव ने स्थापना दिवस के आय–व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया। बैठक में पांच वर्षों तक कोषाध्यक्ष रहे नायब सूबेदार राम सिंह यादव के पद छोड़ने के अनुरोध पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से उन्हें पदमुक्त करते हुए सूबेदार अब्दुल महबूब को नया कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। सदस्यों ने नवनियुक्त कोषाध्यक्ष को बधाई दी और राम सिंह यादव के कार्यकाल की सराहना की।

हसवा में धूमधाम से निकली भगवान श्रीराम की भव्य बारात

226 वर्षों की परंपरा के तहत निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुई आरती और पुष्पवर्षा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विकासखंड हसवा कस्बे में श्री स्वामी चंद दास रामलीला कमेटी की ओर से बीती रात भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। 226 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत आयोजित बारात में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान जगह–जगह लोगों ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की आरती उतारी, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और बारातियों को जलपान व प्रसाद वितरित किया।

बारात से पहले कमेटी के संरक्षक अखिलेश श्रीवास्तव के आवास पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण सहित अन्य पात्रों का विधि–विधान से शृंगार और पूजन किया गया। इसके बाद सजे हुए रथों के साथ बारात निकली। ठाकुर मोहल्ला, चौधराना, बाजार रोड, शकरपुर रोड, बहापर, खेलदार मोहल्ला, पासवान पुरवा, मीरसदन और जोशियाना सहित विभिन्न मोहल्लों से होते हुए बारात रामलीला मैदान पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। ढोल–बाजे और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु नाचते–गाते चलते रहे। रामलीला मैदान में भगवान का कलेवा संस्कार संपन्न कराया गया। बारात के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। थरियांव सीओ दुर्गेश दीप, थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह और चौकी प्रभारी अमरीश मिश्रा सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को व्यवस्थित रखते हुए पूरे मार्ग पर निगरानी की। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री राजेश सिंह जनसेवक का धाता में जोरदार स्वागत

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, जर्जर स्थल की मरम्मत की उठी मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

धाता फतेहपुर। भाजपा के कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र का महामंत्री बनने के बाद पहली बार धाता पहुंचे राजेश सिंह जनसेवक का कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नगर



पंचायत धाता के दीप नारायण तिराहे पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दीप नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पुष्पा गेस्ट हाउस में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा स्थल की बदहाल स्थिति भी चर्चा में रही। प्रतिमा के ऊपर बनी छत जर्जर है और परिसर की बाउंड्री भी टूटी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रतिमा पर माल्यार्पण तो करते हैं, लेकिन उसके रखरखाव पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। सेनानियों का सम्मान केवल माल्यार्पण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके स्मारकों का संरक्षण भी जरूरी है। कार्यक्रम में खागा नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, किशनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, धाता नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज, अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज, अनंत सिंह, चंदन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, नितिन सिंह, अजय सिंह चंद्रौल, सोनू सिंह, रीतू पटेल, भानु प्रताप केसरवानी, प्रवीण सिंह और दुर्गविजय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हर रविवार आरोग्य मेले में मरीजों को मिल रहा उपचार

कुसुंभी, छिछनी और सातों में 130 मरीजों की जांच, किशोरियों को लगाया गया एचपीवी टीका

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। हसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसुंभी, छिछनी और सातों में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। तीनों केंद्रों पर कुल 130 मरीजों का उपचार किया गया। इन मेलों से ग्रामीणों को गांव के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं और इलाज के लिए शहर या कस्बे जाने की जरूरत कम हो रही है। सीएचसी हसवा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुपम सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें गर्भवती महिलाओं, बीपी, शुगर, हाइपरटेंशन, टीबी और त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों की जांच व उपचार किया जाता है। साथ ही मलेरिया, टाइफाइड, सिफलिस, एचआईवी, शुगर और टीबी सहित विभिन्न जांचों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मेले में किशोरियों को एचपीवी का टीका भी लगाया



गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसुंभी में 45, छिछनी में 30 और सातों में 55 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन और एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

शरद पूर्णिमा पर ओमघाट में हुई गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

गंगा घाट की सफाई कर लिया स्वच्छता का संकल्प, गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने की अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर गंगा बचाओ सेवा समिति, नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। आरती के बाद गंगा भक्तों ने दीपदान कर मां गंगा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण



सिंपल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बाराबंकी से आए आचार्य सीताराम द्विवेदी शास्त्री, कमलेश बक्स सिंह और राम कुमार सिंह एडवोकेट मुख्य यजमान रहे। गंगा आरती के दौरान गायत्री परिवार के रविंद्र सिंह ने कहा कि मां गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने लोगों से गंगा में गंदगी न डालने और नदी को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डीपीओ ज्ञान तिवारी ने उपस्थित गंगा भक्तों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर गायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्ता, पार्थ सिंह गौर, बड़े सिंह कछुवाह, पंकज कुमार, राघवेंद्र, अनुज, वीरेंद्र साहू, सुरेंद्र पाठक, प्रांशु रस्तोगी, विवेक, माधव दीक्षित, अहम शर्मा, सुमित, शिवम मिश्रा और आर्यन मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस ड्यूटी के साथ इंसानियत का फर्ज भी निभाया मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह ने

छात्रा को परीक्षा केंद्र पहुंचाने वाले मुख्य आरक्षी को एसपी ने दिया 5,000 का इनाम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ड्यूटी के साथ इंसानियत का फर्ज निभाते हुए यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह ने परीक्षा देने जा रही छात्रा की मदद कर उसे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इस सराहनीय पहल के लिए ₹5,000 के पुरस्कार की घोषणा की है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह और कांस्टेबल मनीष कुमार शुक्ला चौड़गरा चौराहे पर यातायात ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान सुबह करीब 9रू05 बजे प्रयागराज से आई एक छात्रा को राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), बिंदकी स्थित परीक्षा केंद्र तक जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। छात्रा की परेशानी को देखते हुए मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अपने निजी वाहन से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचाया। इससे छात्रा समय पर परीक्षा में शामिल हो सकी। पुलिसकर्मी की इस मानवीय पहल पर छात्रा ने फतेहपुर पुलिस का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मुख्य आरक्षी के सेवा भाव और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए ₹5,000 का पुरस्कार घोषित किया। यह पहल पुलिस की जनसेवा और मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण बनी।

मिशन शक्ति के तहत बहू–बेटी सम्मेलन, महिलाओं को किया जागरूक

सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मिशन शक्ति फेज–6.0 के तहत रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में मिशन शक्ति,



महिला पुलिस और एंटी रोमियो टीमों ने गांवों व कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। सम्मेलनों में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता और निराश्रित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने आपातकालीन सहायता के लिए 112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य उपयोगी नंबरों के बारे में बताया। इसके अलावा नए आपराधिक कानूनों, निःशुल्क विधिक सहायता और पीड़ित–केंद्रित न्याय व्यवस्था की जानकारी देते हुए जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

खरगे के बयान पर भाजपा नेता नितिन विश्वकर्मा पलटवार कहा - गाली से जनादेश नहीं बदलता

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को लेकर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब अराजकता, गाली–गलौज और झूठ पर आकर टिक गई है। यही कांग्रेस की असली पहचान बनती जा रही है।



नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि राजनीतिक विरोध में भाषा की मर्यादा तक भुला दी जा रही है। आखिर कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इतनी नफरत क्यों है। जनता बार–बार अपना विश्वास मोदी के नेतृत्व में जता रही है, लेकिन कांग्रेस के नेताओं की बयानबाजी उनकी हताशा और बौखलाहट को दिखाती है। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री की पूज्य माताजी को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई और अब उनके पिताजी का नाम लेकर ऐसी भाषा बोली जा रही है। क्या यही कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति है। क्या सत्ता की चाह में संस्कारों और मर्यादाओं को ताक पर रख देना ही कांग्रेस की राजनीति का तरीका बन गया है।

नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि गालियों से जनसमर्थन नहीं छीना जा सकता, अपमान से जनादेश नहीं बदला जा सकता और अहंकार से जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जनता का विश्वास मोदी के साथ है और लोकतंत्र में जनता की आवाज ही सबसे बड़ी ताकत है। जनता कह रही है, मोदी नहीं जाएगा।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने पीएचसी काला आम और देवकली का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य केंद्रों पर मिली चाक–चौबंद व्यवस्थाएं, डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ रहे मुस्तैद

डॉ० रईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी २५ अक्टूबर जिले में आमजन तक सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने दो मुख्यमंत्री जन



आरोग्य मेलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) काला आम और पीएचसी देवकली का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां बेहद सकारात्मक और चाक–चौबंद इंतजाम देखने को मिले।

निरीक्षण के दौरान दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य समस्त स्वास्थ्य कर्मी अपनी उपस्थिति के साथ मरीजों के इलाज में पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का लाभ उठाने पहुंचे स्थानीय नागरिकों को सुगमता से चिकित्सीय परामर्श, जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य केंद्रों पर ओपीडी, दवा वितरण काउंटर और अन्य चिकित्सा सुविधाओं को देखा। उन्होंने दोनों ही स्थानों पर साफ–सफाई की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। सीएमओ की इस सक्रियता और स्वास्थ्य केंद्रों पर मिली बेहतरीन व्यवस्थाओं से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

सरसौल में सजे मिट्टी के करवा-दीये, त्योहारों पर शिल्पकारों को आस, बोले- हमारे परिवारों का ध्यान रखें

कानपुर (संवाददाता)। कानपुर के सरसौल कस्बे में करवाचौथ से लेकर दिवाली तक बाजारों में रौनक लौट आई है और मिट्टी के करवा व दीपकों की बिक्री शुरू हो गई है। हिंदू धर्म में दिवाली सबसे बड़ा पर्व है, उससे ठीक दस दिन पहले करवाचौथ मनाया जाता है। कभी पूजा में पीतल के करवा की जगह मिट्टी के करवा और जगमग झालरों की जगह मिट्टी के दीये ही घर–आंगन को रोशन करते थे। दिवाली के त्यौहार का गांव के शिल्पकारों को सालभर इंतजार रहता है। वे करीब दो महीने पहले से ही मिट्टी के करवा और फिर दिवाली के लिए दीपक बनाने का काम शुरू कर देते हैं। करवा बनाने में पहले मिट्टी को पकाया जाता है, फिर आकार दिया जाता है और पकाने के बाद रंग भरने का काम होता है, तब कहीं जाकर बाजार में बिक्री योग्य करवा तैयार हो पाता है। यही हाल दिवाली में इस्तेमाल होने वाले दीपकों का भी है। पुरवामीर गांव में हाईवे किनारे अपने घर पर मिट्टी के बर्तन बनाने वाले धुन्नी कुम्हार ने बताया कि यह काम उनकी कई पीढ़ियों से चला आ रहा है। मिट्टी के बर्तन बनाकर ही वे पूरे परिवार का भरण–पोषण करते हैं। सरकार द्वारा कुम्हारों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जाती हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में बर्तन बनाने के लिए अब मिट्टी तक नहीं मिल पाती।

38 किलो गांजे संग तीन तस्कर गिरफ्तार

शाहिद वारसी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चिल्ह, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 37 किलो 950 ग्राम अवैध गांजे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में अपराध रोकथाम और मादक पदार्थ तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सभी थानों को निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 25 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई



की।

थाना चिल्ह क्षेत्र के ग्राम जगापट्टी स्थित बाबा ढाबा के पास से पुलिस ने दो चार पहिया वाहनों – पिकअप यूपी 32 एफएन 5073 और स्विफ्ट कार यूपी 32 एलक्यू 8097 में सवार तीन अभियुक्तों को पकड़ा। तलाशी में वाहनों में छिपाकर रखा गया 37.950 किलो गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अफजल पुत्र असलम निवासी बालागंज, वाहिद अंसारी पुत्र मो0 हनीफ निवासी मल्लपुर और सूरज पाल चौरसिया पुत्र रामअवतार निवासी राजा बिहार कॉलोनी, तीनों थाना ठाकुरगंज लखनऊ निवासी के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0 236ध्2026 धारा 8ध्20ध्29ध्60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)–2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने पीईटी प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बूनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल जंगीगंज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज गोपीगंज तथा सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों में जाकर निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संचालन, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, कक्ष व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए तथा शासन एवं आयोग द्वारा निध



ारित सभी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने, परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। जनपद के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में बूनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल, गोधना, जंगीगंज गोपीगंज, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज, काशीराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के ब्लॉक–ए एवं ब्लॉक–बी, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल मर्यादपट्टी, पीएम श्री विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री इन्द्रबहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज, सेंट थॉमस स्कूल बेदपुर ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज गोपीगंज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री काशीराज महाविद्यालय इण्टर कॉलेज और टेंडर हार्ट पब्लिक स्कूल घोसिया औराई शामिल हैं। जनपद में परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमे प्रथम पाली मे कुल 5664 परीक्षार्थियों में 4284 उपस्थित एवं 1380 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली मे कुल 5664 परीक्षार्थियों में 4305 उपस्थित एवं 1359 अनुपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा परीक्षा के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। 30 अक्टूबर एवं 01 नवंबर 2026 को पीईटी परीक्षा आयोजित होगी।

भवदेव पाण्डेय और बृजदेव पाण्डेय : साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में मीरजापुर के हीरे थे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय)। साहित्यकार बृजदेव पांडेय के 88वें जन्मवर्ष पूर्ण होने पर डॉ. भवदेव पांडेय फाउंडेशन की ओर से नगर के तिवरानी टोला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विंध्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का सजग प्रहरी बताया।

वक्ताओं ने कहा कि बृजदेव पांडेय ने अपने अध्ययन, लेखन और चिंतन से क्षेत्र की साहित्यिक परंपरा को समृद्ध किया है। इस दौरान उन्हें माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र और पुष्प भेंट किए गए। घनश्याम ओझा ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रत्नाकर मिश्र और विशिष्ट अतिथि डॉ. योगानंद गिरि रहे। कुलपति डॉ. शिशिर पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। यथार्थ पांडेय ने बृजदेव पांडेय को मां विंध्यवासिनी की तस्वीर भेंट की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेंद्र तिवारी ने किया।

डॉ. योगानंद गिरि ने बृजदेव पांडेय की अध्ययनशीलता और जीवनचर्या की सराहना करते हुए कहा कि 88 वर्ष की उम्र में भी



उनका प्रतिदिन पांच घंटे अध्ययन करना उनकी ज्ञान–साधना का प्रमाण है। उन्होंने उनके लेखों और विचारों को लिपिबद्ध कर सुरक्षित रखने पर जोर दिया। कहा कि प्राचीन काल से ही गुरु–शिष्य परंपरा भारतीय ज्ञान परंपरा की आधारशिला रही है। नालंदा विश्वविद्यालय के विनाश के बाद भी लोकस्मृतियों और जनश्रुतियों के सहारे ज्ञान की परंपरा जीवित रही। आज इसी विरासत के बल पर भारत फिर विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्य अतिथि पं. रत्नाकर मिश्र ने विंध्य क्षेत्र की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा विशिष्ट है। विंध्य क्षेत्र को उन्होंने मणिद्वीप की संज्ञा देते हुए कहा कि यहां की संस्कृति और ज्ञान परंपरा का व्यापक प्रसार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मिर्जापुर उदारता और प्रत्येक प्राणी में ब्रह्म का दर्शन करने की परंपरा वाला नगर है। जिले में चिरैया बाबा, बिलरिया बाबा और हंडिया बाबा जैसे संतों की स्मृतियां इसकी आध्यात्मिक विरासत को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि बड़े साहित्यकारों ने इस क्षेत्र से ज्ञान प्राप्त किया, लेकिन विंध्य की सांस्कृतिक और साहित्यिक विशेषताओं को पर्याप्त स्थान नहीं दिया। प्रेमघन के बाद डॉ. भवदेव पांडेय ने भी क्षेत्र की साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पं. मिश्र ने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चा ज्ञानी वही है जो हाथी, कुत्ते, ब्राह्मण और चांडाल में समान भाव से देखता है। लोभ और माया से विरक्त होकर ही मनुष्य ब्रह्म की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

समारोह में विभूति मिश्र, प्रो. किरण प्रकाश, केबी महाविद्यालय के प्राचार्य रविंद्र द्विवेदी, आशा राय, डॉ. एसएन पाठक, अशोक सिंह, इरफान कुरैशी, आशा पांडेय, अनिल यादव, प्रभात मिश्र, शक्ति श्रीवास्तव, विश्वजीत दुबे, राजकुमार उपाध्याय, संतोष श्रीवास्तव और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे और बृजदेव पांडेय के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में राम भद्राचार्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिशिर पांडेय ने अतिथियों, वक्ताओं और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

खीरी में पहले दिन सभी 25 परीक्षा केंद्रों पर हुई नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण पीईटी परीक्षा

डीएम ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश, 14299 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे भ्रमणशील, केंद्रों पर मुस्तैद दिखे स्टेटिक मजिस्ट्रेट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी 25 अक्टूबर। जनपद खीरी में रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा–2026 के प्रथम दिवस दो पालियों में 25 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 14299 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5861 ने परीक्षा छोड़ी।



परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह स्वयं सुबह से ही सक्रिय रहे। डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों से नामांकित व उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या जानी और कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा नियमों का शत–प्रतिशत पालन कराने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने को कहा।

नोडल अधिकारीध्एडीएम (न्यायिक) बृजपाल सिंह ने बताया कि पहली पाली में 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7099 उपस्थित हुए, जबकि 2981 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7200 उपस्थित और 2880 अनुपस्थित रहे।

अफसरों ने रखी पैनी नजर डीएम अंजनी कुमार सिंह के साथ ही एडीएम–एएसपी, एसडीएम–सीओ, डीआईओएस, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार भ्रमणशील रहे। एडीएम ने दिनभर परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सतर्क रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

बौद्ध महोत्सव पर घूरहुपुर मे गूँजा बुद्ध के करुणा और शांति का सन्देश

सांसद छोटेलाल खरवार ने हाई मार्क्स लाइट लगवाने की घोषणा

देवा सरकार
प्रातःकाल एक्सप्रेस

चकिया, चन्दौली। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण घूरहुपुर स्थित तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा एवं प्राचीन अभिलेख क्षेत्र में आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। इसी क्रम




में बौद्ध धर्म संस्था की ओर से घुरहुपुर में भव्य बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों, श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता की। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रिय सांसद छोटेलाल खरवार तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एडवोकेट, अश्वनी सोनकर, टोनी खरवार एवं जिला पंचायत सदस्य दशरथ चंद्र सोनकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल खरवार ने भगवान तथागत गौतम बुद्ध के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने संपूर्ण विश्व को करुणा, अहिंसा, सत्य, शांति और परोपकार का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विश्वभर में बुद्ध के संदेशों को सम्मान मिलना भारत के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर सांसद छोटेलाल खरवार ने घुरहुपुर स्थित बौद्ध स्थल पर अपनी सांसद निधि से जल्द से जल्द सोलर हाई मार्क्स लाइट लगवाने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से बौद्ध स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। कार्यक्रम में बौद्ध भिक्षुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी त्रिलोकी पासवान, सदर मुस्ताक साहब, सनी मौर्य, भावी प्रधान बुलबुल मौर्य, अरुण यादव, बीरबल सिंह, राम राजभर, शैलेश राव, देवा सरकार, भानू प्रताप, रामभरोस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राजभर ने की, जबकि संचालन श्रीकांत मौर्य ने किया। महोत्सव के माध्यम से भगवान बुद्ध के शांति, सद्भाव और मानव कल्याण के संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

यूपी चुनाव 2027 से पहले एनडीए में बढ़ी हलचल, संजय निषाद और राजभर के तेवर से बीजेपी की बढ़ी चुनौती

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सामने उसके सहयोगी दलों ने सीट बंटवारे को लेकर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों से मुकाबले के साथ ही भाजपा को अब गठबंधन के भीतर अपने सहयोगियों की अपेक्षाओं को साधने की चुनौती भी दिखाई दे रही है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा), निषाद पार्टी अपना दल (एस), राष्ट्रीय लोकदल समेत अन्य सहयोगी दल आगामी चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक सीटों का दावा ठोक रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा ने करीब 30 सीटों को चिह्नित किए जाने की बात कही है। इनमें भाजपा की जीती हुई सीटें भी शामिल हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में सुभासपा को गठबंधन के तहत 19 सीटें मिली थीं और पार्टी ने इनमें से छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद से ही पार्टी अपने राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने और आगामी चुनाव में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी है। गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा ने फिलहाल खुलकर कोई अंतिम संकेत नहीं दिया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का मानना है कि सहयोगियों की मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा। भाजपा के सामने एक ओर अपने संगठन और मजबूत दावेदारों के लिए पर्याप्त सीटें बचाए रखने की चुनौती है, वहीं दूसरी ओर सहयोगी दलों को साथ बनाए रखने के लिए उन्हें सम्मानजनक हिस्सेदारी भी देनी होगी। भाजपा के वरिष्ठ सूत्रों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के सहयोगी करीब 60 से 80 सीटों पर दावेदारी कर सकते हैं। इसमें भाजपा के कब्जे वाली कुछ सीटों पर सहयोगियों के प्रत्याशी उतारने की मांग भी शामिल है। गठबंधन में शामिल दल अपने–अपने सामाजिक और क्षेत्रीय प्रभाव के आधार पर सीटों का दावा मजबूत करने में जुटे हैं। सुभासपा के साथ–साथ निषाद पार्टी भी सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में है। निषाद पार्टी पहले भाजपा के साथ गठबंधन का हिस्सा रही है, लेकिन इस बार उसकी राजनीतिक स्थिति अलग है। वहीं अपना दल (एस) भी पिछली तुलना में अधिक सीटों की अपेक्षा रखता है। पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में 18 सीटों पर चुनाव लड़ा था और इनमें से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। दरअसल सहयोगी दलों का जोर अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में अधिक से अधिक सीटें हासिल करने पर है। उनका तर्क है कि जिन क्षेत्रों में उनका सामाजिक आधार मजबूत है, वहां उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर मिलने से गठबंधन को फायदा होगा। राष्ट्रीय लोकदल भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक पकड़ के आधार पर अधिक सीटों की अपेक्षा रखता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन के साथ रहते हुए रालोद को 33 सीटें मिली थीं, जिनमें से आठ पर उसने जीत हासिल की थी। अब राजग में शामिल होने के बाद रालोद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने प्रभाव को और मजबूत करना चाहती है। इसके लिए आगरा, अलीगढ़, मथुरा और हाथरस जैसे क्षेत्रों में भी उसकी नजर है। हाल ही में रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने मथुरा की छपरौली विधानसभा सीट का नाम लिए बिना आगरा के किरावली में एक कार्यक्रम के दौरान सीटों की संख्या बढ़ाने की जरूरत की ओर संकेत किया था। इसे गठबंधन में पार्टी की बढ़ती दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है। अपना दल (एस) भी आगामी चुनाव में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में है। 2022 में पार्टी ने 18 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 12 सीटें जीती थीं। पार्टी का मानना है कि उसके प्रभाव वाले क्षेत्रों में उसे पहले से अधिक सीटें मिलनी चाहिए। वहीं सहयोगी दलों के बीच सीटों को लेकर अपने–अपने दावे मजबूत करने की कोशिश शुरू हो चुकी है। हर दल अपने प्रदर्शन, सामाजिक आधार और पिछले चुनाव के आंकड़ों को आधार बनाकर भाजपा के सामने अपनी मांग रख रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती सीटों का ऐसा संतुलन बनाना होगा, जिसमें सहयोगी दलों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले और साथ ही पार्टी अपने संगठनात्मक आधार और मजबूत दावेदारों के लिए भी पर्याप्त सीटें सुरक्षित रख सके। विपक्षी दलों से मुकाबले के लिए भाजपा को जहां बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है, वहीं गठबंधन के सहयोगियों को एकजुट रखना भी जरूरी होगा। ऐसे में आगामी दिनों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत और तेज होने की संभावना है। फिलहाल सहयोगी दल अपनी–अपनी मांगों के साथ दबाव बना रहे हैं। भाजपा की रणनीति यह तय करने पर केंद्रित होगी कि किस सहयोगी को कितनी सीटें दी जाएं और किन सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार उतारे। चुनाव की घोषणा से पहले होने वाली सीटों की यह कवायद गठबंधन के भीतर शक्ति संतुलन की तस्वीर भी काफी हद तक साफ कर सकती है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि सीटों का बँटवारा कोई मुद्दा नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता इन बातों को आसानी से सुलझा लेंगे जिससे सभी सहयोगियों का सम्मान भी बरकरार रहेगा।



चकबंदी व्यवस्था को रफ्तार, 8 वर्षों में 21 लाख से अधिक वादों का निस्तारण

लखनऊ (संवाददाता)। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में चकबंदी व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया गया है। चकबंदी निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक 2017 की तुलना में 2025 तक चकबंदी प्रक्रिया पूरी करने वाले गांवों की संख्या में बड़े स्तर पर वृद्धि हुई है। चकबंदी न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण और वादों के निस्तारण में भी प्रगति दर्ज की गई है। इन प्रयासों का उद्देश्य किसानों की भूमि से जुड़े मामलों को व्यवस्थित करना और राजस्व अभिलेखों को समय से संबंधित तहसीलों तक पहुंचाना है।चकबंदी निदेशालय के मुताबिक वर्ष 2017 में प्रदेश के 1,925 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हुई थी। 2025 तक यह संख्या बढ़कर 3,192 गांव हो गई। इन गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया पूरी कर अभिलेख संबंधित तहसीलों को वापस किए गए। इससे भूमि संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित करने और किसानों से जुड़े राजस्व कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिली है।चकबंदी न्यायालयों में वादों के निस्तारण के मामले में भी प्रगति हुई है। 2017 में 12.55 लाख से अधिक वादों के निस्तारण की स्थिति थी, जबकि 2025 तक यह संख्या बढ़कर 21.12 लाख से अधिक हो गई। विगत आठ वर्षों में कुल 21 लाख 12 हजार 784 वादों का निस्तारण किया गया। भूमि विवादों के समाधान की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है।चकबंदी व्यवस्था को तकनीक से जोड़ने के लिए न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। 2017 में स्थिति शून्य थी, 2025 तक 531 न्यायालयों का कंप्यूटरीकरण किया गया। इसमें उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और चकबंदी अधिकारी के न्यायालयों के साथ 180 सहायक चकबंदी अधिकारी न्यायालय भी शामिल हैं। न्यायालय संबंधी कामकाज को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में मदद मिली है।चकबंदी प्रक्रिया के नवप्रसार के अंतर्गत विगत आठ वर्षों में 1,302 गांवों को शामिल किया गया। 2017 में इस श्रेणी में 2,468 गांवों की स्थिति दर्ज थी, जबकि 2025 में संख्या 1,302 रही। आंकड़ों में इसे आठ वर्षों के दौरान चकबंदी क्रियाओं में शामिल किए गए गांवों के रूप में दर्शाया गया है।

विद्युत सखियों ने जमा कराया 1. 80 करोड़ लोगों का बिल

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के गांवों में कभी घर का बिजली बिल परिवार के खर्च का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब यही बिल हजारों महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता का आधार बन रहा है। योगी सरकार ने बिजली बिल संग्रह को ग्रामीण महिलाओं की आजीविका से जोड़कर सशक्तीकरण का नया रास्ता खोला है।स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 16 हजार से अधिक महिलाएं आज 'विद्युत सखी' बनकर न केवल अपने परिवार की आमदनी बढ़ा रही हैं, बल्कि बिजली विभाग और ग्रामीण उपभोक्ताओं के बीच मजबूत कड़ी भी बन रही हैं। इन महिलाओं ने अब तक 3720 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिल जमा कराकर 47 करोड़ रुपये से अधिक कमीशन लाभांश अर्जित किया है। प्रदेश में विद्युत सखियों ने रिकॉर्ड 1.80 करोड़ लोगों का बिजली का बिल जमा कराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह 'पावर मॉडल' गांवों में रोजगार, राजस्व संग्रह और जनसुविधा को एक साथ जोड़ने की मिसाल बनकर उभरा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के समन्वय से संचालित योजना ने ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर तैयार किए हैं। इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि महिलाओं को कमाई के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ रहा। वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बिल जमा कराकर आय अर्जित कर रही हैं। इससे घरेलू जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी भी बढ़ी है। दूसरी ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए दूर स्थित विद्युत कार्यालयों और भुगतान केंद्रों तक जाने से राहत मिली है।विद्युत सखियों की उपलब्धि का अंदाजा उनके जरिए हुए राजस्व संग्रह से लगाया जा सकता है। विद्युत सखियों ने अब तक 3720 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह किया है।

महर्षि वाल्मीकि ने समाज को दिखाया

सदाचार कर्तव्य मानवीय मूल्यों का मार्ग –सीएम

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने 'रामायण' के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को जन–जन तक पहुँचाया। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, जीवन–मूल्यों और आदर्शों का अमूल्य ग्रंथ है। महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती हमें सत्य, धर्म, मर्यादा, करुणा और लोकमंगल के उन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देती है, जो भगवान श्रीराम के जीवन में दिखायी देते हैं। महर्षि वाल्मीकि का जीवन और कृतित्व भारतीय ज्ञान परम्परा की समृद्ध विरासत का परिचायक है। उन्होंने समाज को सदाचार, कर्तव्य और मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाया। उनकी रचनाएँ आज भी समाज को सत्य और धर्म के पथ पर आगे बढ़ने तथा मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों और उनकी समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। ललापुर चित्रकूट स्थित महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली के सौन्दर्यीकरण तथा श्री अयोध्याधाम में महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना जैसे कार्य किए गए हैं। महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मन्दिरों एवं देवस्थलों पर रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएँ समाज में समरसता, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देती हैं। उनकी जयन्ती का यह पावन अवसर प्रदेशवासियों में सेवा, सदाचार, लोककल्याण की भावना को और प्रबल करे तथा उत्तर प्रदेश शांति, सौहार्द और समृद्धि के मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़े।



यूपी में 200 सीटों पर कांग्रेस का दावा, पोस्टर को अखिलेश ने बताया नकली

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले सियासी पोस्टर वार तेज हो गया है। कांग्रेस की ओर से प्रदेश की 200 विधानसभा सीटों पर दावा करते हुए लगाए गए पोस्टरों को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर निशाना साधा और पोस्टरों को 'नकली' बताया। अखिलेश यादव ने लिखा, 'गठबंधन' से भाजपा के पेट में हुआ दर्द, 'नकली पोस्टर' लगा रही, इतना गई डर। उनके इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में पोस्टरों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अखिलेश यादव ने पोस्टरों को लेकर नगर निकाय के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिना शुल्क जमा किए सार्वजनिक रूप से पोस्टर लगाए जा रहे हैं, लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने इसके पीछे भ्रष्टाचार या शासन के दबाव की आशंका जताई। सपा अध्यक्ष ने पोस्टरों को बिना अनुमति या शुल्क के लगाए जाने से स्थानीय राजस्व को नुकसान होने का दावा किया। उनका कहना है कि यदि पोस्टर लगाने का आधिकारिक शुल्क जमा किया जाता है तो उसकी रसीद कटेगी और पोस्टर लगवाने वाले का नाम सामने आ सकता है। अखिलेश यादव ने मांग की कि राजस्व के नुकसान की भरपाई संबंधित अधिकारियों से कराई जाए और उनके खिलाफ जांच कर निलंबन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं का तारीखवार रिकॉर्ड रखा जा रहा है और यह भी दर्ज किया जा रहा है कि संबंधित समय में कौन अधिकारी जिम्मेदार था। अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में दावा किया कि प्रदेश में च्व। सरकार बनने पर इन मामलों का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लयू) जैसी एजेंसियों को सक्रिय कर भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने की बात कही। फिलहाल, कांग्रेस के 200 विधानसभा सीटों पर दावे वाले पोस्टरों और अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया ने उत्तर प्रदेश में चुनाव से पहले गठबंधन और राजनीतिक रणनीति को लेकर चर्चा तेज कर दी है।

गठबंधन के सभी रास्ते खुले-चन्द्रशेखर

आजाद बोले, नही होना चाहिए वोटों का बंटवारा

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में असेम्बली इलेक्शन को लेकर राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन और चुनावी रणनीति पर चर्चा तेज हैम नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने इंडिया अलायंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की संभावना पर अपनी बात रखी।उनका कहना है कि चुनाव में वोटों का बंटवारा नहीं होना चाहिए और इसके लिए वे लोग ध्यान रख रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद ने किसानों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों के मुद्दों को उठाते हुए सरकार से कई सवाल भी किए।उन्होंने गन्ने के दाम, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर भी जवाब दिया। आजाद बोले, लोकतंत्र में सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा, मै तो इंडिया एलायंस के लोगों को भी कह रहा हूं कि मिल के लड़ते हैं। अगर कोई नहीं लड़ेगा तब देखेंगे अभी तो अलायंस के सारे रास्ते खुले हुए हैं।हमारी कोशिश है कि चुनाव में वोटों का बंटवारा न हो। शमिलके लड़ेंगे और वोट का बंटवारा ना हो इस बात का हम लोग ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोटर किसी की जेब में नहीं और राजनीतिक दलों को जनता के बीच मेहनत करके अपनी जगह बनानी पड़ती है।चंद्रशेखर आजाद ने मीरापुर विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यह क्रांतिकारी धरती है। उन्होंने पिछले उपचुनाव में वोटों के बंटवारे की बात कही और दावा किया कि अगर वोटों का बंटवारा नहीं होता तो उनकी पार्टी को ज्यादा समर्थन मिल सकता था। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में उनकी पार्टी को 24 हजार वोट मिले थे। आजाद ने कहा, श्जब फ्री एंड फेयर इलेक्शन होगा तो वह 50 हजार पार करेगा और जब वोट जुड़ेगा तो मैं लिख के देता हूं कि 1 लाख से ज्यादा वोट लेकर रविंद्र भाटी विधानसभा में जा रहे हैं।

संक्षिप्त

कैसरबाग में वकीलों के अवैध चौंबरों पर चला बुलडोजर, सड़क पर लेटकर जताया विरोध

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के कैसरबाग इलाके में वकीलों के अवैध चौंबरों को हटाने के लिए नगर निगम की बुलडोजर कार्रवाई जारी है। हाईकोर्ट के आदेश पर हो रही इस कार्रवाई का वकील विरोध कर रहे हैं। विरोध के दौरान कुछ वकील सड़क पर लेट गए और नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया है। कार्रवाई के दौरान वकीलों ने नगर निगम के अधिकारियों के सामने अपनी मांग रखते हुए दीपावली तक राहत देने की अपील की। उनका कहना है कि त्योहार को देखते हुए फिलहाल कार्रवाई रोक दी जाए और उन्हें कुछ समय दिया जाए। वहीं, नगर निगम की ओर से हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में अवैध चौंबरों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। कैसरबाग इलाके में कार्रवाई के दौरान विरोध–प्रदर्शन के चलते मौके पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है।

वेतन के लिए प्रदर्शन,चालक–परिचालकों ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग डिपो में समय से वेतन नहीं मिलने और कथित उत्पीड़न से नाराज चालक–परिचालकों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। कर्मचारियों ने कार्यशाला का गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी दौरान दो कर्मचारियों ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। यह देख परिसर में अफरा–तफरी मच गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अन्य स्टाफ ने हस्तक्षेप कर दोनों को बचा लिया। सूचना पर पहुंची वजीरगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) सतीश पाल पर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि उन्हें रूट से हटाने समेत अन्य तरीकों से परेशान किया जा रहा है। समय से वेतन नहीं मिलने से भी कर्मचारियों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर रविवार सुबह करीब 11 बजे कर्मचारियों ने कार्यशाला का गेट बंद कर विरोध जताया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद परिवहन निगम की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

जलभराव में नहाने गये बच्चे की डूबकर मौत

लखनऊ (संवाददाता)। रविवार सुबह 9 साल के बच्चे की पानी भरे गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ बड़े जलभराव में नहाने गया था। दो दोस्तों के साथ उसकी 10 साल की बहन भी थी। हादसे की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना गोसाईंगंज के टंट का पुरवा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, सतीश कुमार का नौ वर्षीय बेटा अंकुश रविवार सुबह अपने दोस्तों आर्यन (7), आलोक (8) और 10 साल की बहन अनुष्का के साथ गांव के बाहर भरे पानी में नहाने गया था। बीते दिनों यहां पर सई नदी के उफान के बाद जलभराव हो गया था। उसी में बच्चे नहाने गए थे। नहाने के दौरान पानी में डूबने से अंकुश की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में मातम छा गया। अंकुश एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा–2 में पढ़ता था। वह दो बहनों का इकलौता भाई था। परिवार में मां और उसकी दो बहनें हैं। बेटे की मौत से मां–बाप का रो–रोकर बुरा हाल है।

एक दिवसीय विशेष गृहकर छूट शिविर में लोगों को मिला लाभ

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड–18 में रविवार को दो कार्यक्रम हुए। महापौर सुषमा खर्कवाल और पार्षद रामनरेश रावत ने बदाली खेड़ा स्थित स्कूल के पोलिंग बूथ परिसर में एक दिवसीय विशेष गृहकर छूट शिविर लगवाया। शिविर में कई नागरिकों ने पहुंचकर सालों से बकाया गृहकर जमा किया और विशेष छूट का फायदा उठाया। यहां लोगों की गृहकर संबंधी समस्याओं का भी समाधान हुआ। इसका उद्देश्य लोगों को घर के पास ही टैक्स जमा करने की सुविधा देना और नगर निगम के चक्कर लगाने से बचाना था। पार्षद रामनरेश रावत के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 139वां एपिसोड भी सुना गया। इस दौरान आलोक श्रीवास्तव, रितेश दुबे, विनय वर्मा, श्याम मोहन शर्मा, अरविंद, आशीष शुक्ला, अजय सिंह, नरेंद्र गुप्ता, फूलचंद गौतम, हिमांशु, प्रिंस और प्रदीप सिंह सहित कई भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

आवासीय महासमिति की पहल पर लोगों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

लखनऊ (संवाददाता)। इंदिरानगर स्थित सेक्टर–13 के दुर्गा पार्क में रविवार, 25 अक्टूबर को सफाई अभियान चलाया गया। इंदिरानगर आवासीय महासमिति की पहल पर कॉलोनी के लोगों ने इसमें भाग लिया और पार्क की साफ–सफाई में योगदान दिया। अभियान का मकसद पार्क की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और आसपास के माहौल को स्वच्छ रखना था। महासमिति के सदस्यों ने कहा कि सार्वजनिक जगहों की स्वच्छता बनाए रखना सिर्फ नगर निगम की नहीं, बल्कि नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। महासमिति ने बताया कि स्वच्छता अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसके तहत कॉलोनियों के पार्कों और सार्वजनिक जगहों की साफ–सफाई पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कूड़ा न फैलाएं और स्वच्छता में सहयोग करें।


बीकेटी बूथ 342 पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

लखनऊ (संवाददाता)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर सिंह और बीकेटी प्रभारी गुरशरण लोधी ने रविवार को मोहम्मदपुर मजरा के बूथ संख्या 342 पर मन की बात का 139वां संस्करण सुना। इसमें स्थानीय कार्यकर्ता और जनता मौजूद थी। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल, जैविक खेती और स्वास्थ्य क्षेत्र के बदलावों पर बात की। बाद में ब्रज बहादुर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार के फैसलों की सराहना की और तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को मिली मुक्ति का जिक्र किया। सिंह ने इसे महिला सशक्तिकरण और समाज में समानता लाने का साहसिक फैसला बताया।

सड़क दुर्घटना में स्टेडियम चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण चाहर की मौत,पुलिस विभाग में छाया शोक

राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम सलामी,एसएसपी समेत पुलिस अधिकारियों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।जानसठ थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क दुर्घटना में स्टेडियम चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण चाहर की मौत हो गई।वह शासकीय कार्य से जानसठ गए थे और वहां से सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित अपनी चौकी लौट रहे थे।हादसे में गंभीर रूप से घायल अरुण चाहर को सीएचसी जानसठ ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया गया है।पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस लाइन में दी गई अंतिम सलामी

रविवार को पुलिस लाइन में दिवंगत उपनिरीक्षक अरुण चाहर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय सहित एसपी सिटी अमृत जैन,एसपी ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक,एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ और एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।अंतिम सलामी के बाद पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया।

परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा, एसपी सिटी अमृत जैन ने कहा कि उपनिरीक्षक

अरुण चाहर के असामयिक निधन से पुलिस विभाग ने एक साथी खो दिया।उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।उन्होंने कहा कि परिजनों को नियमानुसार मिलने वाले सेवा संबंधी लाभ और पुलिस वेतन पैकेज के तहत अनुमन्य सुविधाएं दिलाने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

रालोद कार्यकर्ता सम्मेलन में 2027 के चुनाव की तैयारी पर जोर

बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान

बघरा में त्रिलोक त्यागी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश,एनडीए गठबंधन के बेहतर परिणाम के लिए जुटने की अपील

डा0 एमए तोमर



मुजफ्फरनगर।राष्ट्रीय लोकदल चरथावल विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को बघरा स्थित अवि फार्म हाउस में आयोजित किया गया।सम्मेलन में वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया।वक्ताओं ने गांव-गांव और बूथ-बूथ तक संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क अभियान तेज करने पर जोर दिया।सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी रहे जबकि हस्तिनापुर क्षेत्र के अध्यक्ष तरसपाल मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।अध्यक्षता रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने की तथा संचालन संदीप मलिक ने किया।सम्मेलन में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने,संगठन में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और किसान,युवा,छात्र तथा व्यापारी वर्ग के बीच संपर्क मजबूत करने का आह्वान किया।आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने पर विशेष जोर दिया गया।इस दौरान पूर्व विधायक नूरसलीम राणा,कृष्णपाल राठी,सुधीर भारतीय,सुकरमपाल,रामनिवास पाल,उमादत्त शर्मा,जिला महासचिव राकेश बालियान,टीम आरएलडी के जिला संयोजक रोबिन लाटियान,मास्टर यशपाल सिंह,मास्टर ब्रजवीर सिंह,युवा लोकदल के विधानसभा अध्यक्ष रितिक राणा,युवा लोकदल के जिलाध्यक्ष मौलिक प्रधान,पूर्व मंत्री धर्मवीर बलियान,व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यवीर वर्मा तथा मीरापुर विधायक मिथिलेश पाल की प्रतिनिधि सुप्रिया पाल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।सम्मेलन में आगामी चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक एकजुटता,जनसंपर्क और बूथ प्रबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।साथ ही एनडीए गठबंधन के बेहतर चुनावी परिणाम के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने की अपील की गई।

रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए समर्पित युवा समिति को फिर मिला सम्मान

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए समर्पित युवा समिति को जिला अस्पताल में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील तेवतिया ने समिति के सदस्य मनी पटपटिया एवं वैभव मदन को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही समिति को भी रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समिति की ओर से अमित पटपटिया एवं संजीव अरोड़ा ने पुरस्कार ग्रहण किया।संजीव अरोड़ा ने बताया कि समर्पित युवा समिति पिछले 15 वर्षों से मुजफ्फरनगर में रक्तदान



के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। समिति समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करती है।इसके अलावा रक्त और प्लेटलेट्स की आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने के लिए संगठन के रक्तदाता 24 घंटे तत्पर रहते हैं।अमित पटपटिया ने लोगों से रक्तदान अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम है।उन्होंने सभी से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनकर मानवता की सेवा करने का आह्वान किया।

भुसहर पुरई में बहू- बेटी सम्मेलन का हुआ आयोजन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

पचपेड़वा(बलरामपुर)- थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर मिशन शक्ति अभियान के छठवें चरण के अन्तर्गत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम भुसहर पुरई में सामूहिक रूप से बहू- बेटी सम्मेलन कर सभी महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत आने वाली विभिन्न-प्रकार की सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना,



वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि की जानकारी दी गई तथा सभी महिलाओ को महिला अपराध - महिला हिंसा, लैंगिग उत्पीडन, आदि के बारे में बताया गया तथा साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड,पेंशन धोखाधड़ी आदि से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। 1090, यूपी आपातकालीन 112, एबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 व साइबर हेल्पलाइन नं0 1930/155260, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नं0 1076 व मादक पदार्थों के सेवन व उनसे होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में व यातायात नियमों के बारे में, बाल विवाह तथा दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं को थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र के बारे में बताते हुए सुगम कानूनी सहायता व शिक्षा के प्रति जागरुक किया गया ।

कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक भ्रमण पर गए लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थी

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा छह से दस तक के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया।भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ वैज्ञानिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थलों की प्रत्यक्ष जानकारी देना रहा।भ्रमण का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य शिवशंकर शर्मा और वरिष्ठ अध्यापक महेश ने फीता काटकर किया। कुरुक्षेत्र पहुंचने पर विद्यार्थियों ने पैनोरमा विज्ञान केंद्र में विज्ञान शो, 3डी शो और तारामंडल शो के माध्यम से विज्ञान, तकनीक एवं अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। इसके बाद ब्रह्म सरोवर की परिक्रमा कर अद्भुत मंदिर में दर्शन किए तथा श्रीकृष्ण संग्रहालय का अवलोकन कर भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को जाना।विद्यार्थियों ने ज्योतिसर तीर्थ में भगवान श्रीकृष्ण,महाभारत और श्रीमद्भगवद्गीता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।गाइड ने उन्हें इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थल की महत्ता से परिचित कराया।भ्रमण को सफल बनाने में शिक्षक शाहिद भाटा, सुनील पुंडीर,नवनीत,नीरज,प्रशांत और पवन सैनी सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा,अनुशासन और व्यवस्थाओं का ध्यान रखा।विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान,सर्वांगीण विकास तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोशियसन की बैठक में मेडिकल स्टोर संचालकों के शोषण का मुद्दा उठा

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।प्राप्त समाचार के अनुसार जिला परिषद स्थित मैक्स एंटरप्राइजेज पर मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोशियसन की नई कार्यकारिणी के गठन और विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की गई।इसमें संगठन को मजबूत बनाने,कार्यप्रणाली में सुधार और आपसी एकता बनाए रखने पर चर्चा हुई।बैठक में एलोपैथिक मेडिकल स्टोर संचालकों ने जिला होम्योपैथिक अधिकारी पर शोषण के आरोप लगाए।संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चौहान ने मेडिकल



स्टोर संचालकों से मामले से संबंधित विस्तृत जानकारी और साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि साक्ष्य मिलने के बाद मामले को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाकर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की जाएगी।बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन की एकता,मजबूती और निरंतर प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

ग्रामवासियों ने युगल किशोर शुक्ल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भगता में पक्की सड़क बनवाने की मांग की

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर जिले के विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में शिवपुरा से सिरैहिया होकर मणिपुर के लिए मुख्य सड़क किनारे स्थित भगता गाँव से लेकर रेहरा होते हुए शंकर नगर बाजार के लिए रास्ता करीब 25 साल पहले ईंट का खड़ंजा लगाया गया था अब बुरी तरह टूट चुका है खड़ंजा गड्ढों में तब्दील हो चुका है आए दिन दुर्घटना होती रहती है एंबुलेंस रेहरा और शंकर नगर तक नहीं जा पाती है मरीजों को मुख्य सड़क तक चारपाई से लेकर जाना पड़ता है जनप्रतिनिधि सुनवाई नहीं कर रहे है इस रास्ते को पक्का बनवाने के समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा श्रावस्ती के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है जिला अधिकारी से सड़क बनवाने की माँग किए है मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय वर्मा, युवा समाजसेवी अंश तिवारी, गजेन्द्र तिवारी, सत्य राम, प्रेम नारायण, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, बदलू राम, राम नरेश, आरिफ खान, संजय कुमार, अमर बहादुर, नानबच्चे समेत तमाम ग्रामीण एवं छात्र मौजूद रहे सभी लोगों ने रेहरा और शंकर नगर तक पक्की सड़क की माँग किया है करीब दस हजार लोग इस सड़क की समस्या से जूझ रहें है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों को प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है रेहरा गाँव में अंश तिवारी के आवास पर बैठक हुई जिसमें जन समस्याओं पर चर्चा हुई। इस सड़क को बनवाने हेतु मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल आई जी आर एस किया गया है जिसका संदर्भ संख्या 40018226023826 है।



बहुजन नायक मा. बाबू सिंह कुशवाहा जी का बहुजन लोगों से अपील

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी के भव्य जयंती समारोह में बोल रहे थे



खीरी। उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में 24 अक्टूबर 2026 को डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑडिटोरियम सभागार, आशियाना में महात्मा ज्योतिबा राव फुले फाउंडेशन के तत्वावधान में भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति एवं 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं जौनपुर के लोकप्रिय सांसद माननीय बाबू सिंह कुशवाहा जी तथा जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शिवकन्या कुशवाहा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय बाबू सिंह कुशवाहा जी ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके समर्पण, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने डॉ. कलाम जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ में युवाओं को यह भी बताएं कि भारत कुछ लोग आरक्षण समाप्त करने कि बात करते है, मै उन्हें बताना चाहता हूँ कि पहले भर्ती बोर्ड में हमारे आदमी भी रखे जाये फिर कुछ वर्षो बाद आरक्षण समाप्त कर देना।वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शिवकन्या कुशवाहा जी ने भी अपने संबोधन में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, सादगी, संघर्ष और युवाओं के प्रति उनके विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का लोगों से आह्वान किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जन अधिकार पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहे। आयोजन के दौरान प्रयागराज जिले के यमुनापार जिलाध्यक्ष सतीश कुशवाहा के अगुआई में जगत सिंह, विजय सिंह, अनुज कुमार,डॉ, अमरनाथ, अशोक कुमार, बृजेश कुशवाहा, डॉ संतोष यादव, हरे राम चौहान,जगजीवन,रघुनाथ गुप्ता सेमत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे .

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की युवा इकाई गठित,सीए अतुल अग्रवाल बने जिला संरक्षक

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की मुजफ्फरनगर जिला युवा इकाई का



गठन किया गया। महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी महाराज के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के सानिध्य में नई कार्यकारिणी की घोषणा की। सीए अतुल अग्रवाल को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी सौपी गई।युवा इकाई में राजशाह को अध्यक्ष,प्रसून अग्रवाल को उपाध्यक्ष,अमोल अग्रवाल को सचिव और तुषार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी महाराज ने युवाओं से समाज के साथ जुड़कर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।जिला संरक्षक बनाए जाने पर सीए अतुल अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अग्रवाल समाज के युवा सामाजिक कार्यों में समर्पित भाव से योगदान देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज समाज के सभी वर्गों के हित में भी बढ़-चढ़कर कार्य करता रहा है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास जारी रखेगा।कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय,प्रदेश और जिला स्तर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

धर्म की रक्षा करने से ही हम सब रक्षित होंगेः जगद्गुरु

झांसी। महानगर के इसाई टोला स्थित स्टार? मैरिज हाल आयोजित त्रिदिवसीय सत्संग समागम में केन्द्रीय अध्यात्म विज्ञानशाला ओंकारेश्वर जिला-खण्डवा म.प्र.से पधारे जगद्गुरू स्वामी उमाशंकर चैतन्य जी ने बताया कि 'आज मनुष्यों के हर वर्ग (युवा,वयस्क, प्रौढ,महिला एवं पुरुष)'सभी के समक्ष यह प्रशन है कि 'मै क्या करुं?'अर्थात् मानवमात्र किंकर्तव्यविमूढता की स्थिति में है।यही स्थिति अर्जुन की थी।अष्टम अवतार भगवान श्रीकृष्णजी ने समझाया था कि तुम ज्ञान पूर्वक कर्म करो यही तुम्हारे अधिकार में है फल प्रकृति के अधीन है। आपने कहा कि ज्ञान से तात्पर्य अपने निजमूल स्वरुप को जानना है तथा हम सब का मूल स्वरूप यही प्रत्यक्ष दिखने वाला विश्वरूप परमात्मा है।अपने स्वभाव गुण से इसी की सेवा करना ही हम सबका आद्य कर्तव्य है।इसी से मानवता में परस्पर सुख व शान्ति स्थापित होगी। जीव की परिभाषा बडे ही सरल शब्दों में स्वामीजी ने बताते हुए कहा कि यही विश्वरूप परमात्मा है जो कि सबसे बडा है बडे का ही छोटे अंश को जीव कहते हैं।दोनों अभिन्न है जैसे समुद्र का पानी और पानी में उठने वाली लहर । लहर किसी भी काल में पानी से पृथक नहीं है उसी प्रकार जीव विश्वरूप ब्रम्ह से अलग नहीं है अज्ञानता से ही जीव है यथार्थ में वह ब्रम्ह का ही स्वरुप है। स्वामीजी ने बताया कि उक्त ज्ञान की परिणति आचरण में होना चाहिए उन्होंने कहा ' आचारो हि प्रथमो धर्मः'होता है ।धर्म की रक्षा करने से ही हम सब रक्षित होते है।

पीईटी की द्वितीय पाली को लेकर डीएम और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

22 केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सीसीटीवी निगरानी और यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (ळझएएएण) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (ईऊं)-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपनन् कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क है। रविवार को जनपद के 22 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा की प्रथम पाली सकुशल संपनन्होने के बाद द्वितीय पाली के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने विभिनन् परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता, परीक्षार्थियों के आवागमन और केंद्रों के आसपास की यातायात व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही, परीक्षा केंद्रों पर



लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और निगरानी व्यवस्था भी जांची, ताकि परीक्षा के दौरान पारदर्शिता, अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।डीएम और एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमिर्यों एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात सुचारु रखा जाए, जिससे अभ्यथिर्यों को केंद्र तक पहुंचने और परीक्षा समाप्त होने के बाद वापस लौटने में परेशानी न हो। अनावश्यक जाम की स्थिति से बचने के लिए भी आवश्यक प्रबंध बनाए रखने को कहा गया।अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने, केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिसकमिर्यों को परीक्षार्थियों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखने तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। पुलिस के अनुसार, प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल संपनन्हो चुकी थी, जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा को सुचारु रूप से संपनन् कराने के लिए जनपद के सभी 22 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और यातायात के समुचित प्रबंध किए गए थे।

संस्कार देना एवं मानव सेवा करना सबसे बड़ा धर्म :महामहिम लक्ष्मण आचार्य जी

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 13 वर्षों से समाज में संस्कार प्रदान करने एवं गरीब आशा है निराश्रित बच्चों का भरण पोषण एवं शिक्षित करने का संकल्प लेकर श्री शुभ मंगलम सामाजिक एवं अत्याधिक नैनी चांडी परिसर में संस्था उत्तरोत्तर संस्थापक अरविंद जी के नेतृत्व में प्रगति कर रही है।

आज संस्था के 13वें स्थापना कार्यक्रम का आयोजन बड़ी भव्यता एवं दिव्यता से मनाया गया जिसमें संस्था में निवास करने वाले नन्हे मुनेन् बच्चों ने अपनी नृत्य एवं गायन की कला से सभी उपस्थित जन का मन मोह लिया उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रस्तुति की सहारना की बताओ मुख्य अतिथि उपस्थित असम के राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण आचार्य जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि भारत एक आध्यात्मिक राष्ट्र है जिसमें किसी भी तरह की बुराई का कोई स्थान नहीं है श्री शुभ मंगलम सामाजिक सेवा न्यास जैसी लाखों संस्था देश में संस्कार शिक्षा एवं धार्मिक शिक्षा देने का कार्य कर रही है उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र विरोधी लोग नशे के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय विरोधी बन रहे हैं। स्वयं उनका भी और राष्ट्र का भी भविष्य खराब करने की चेष्टा कर रहे है जो की कभी सफल नहीं होगी। उन्हें उन्होंने समाज का आवाहन करते हुए कहा कि समाज को नशा उन्मूलन के लिए आगे आना पड़ेगा जो कि समय की मांग है। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि। पुरातन समय से भारत की पूरे विश्व में सेवा और आर्थितय भारत की पहचान का मजबूत स्तंभ है उन्होंने संस्था के बारे में बताते हुए कहा कि यह संस्था खुशहाली एवं प्रेम भावना के लिए सदैव कार्य कर रही है उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी को संस्था का प्रेरणा स्रोत का प्रेरणा स्रोत बताया और उन्होंने समाज के समर्थ लोगों से आग्रह किया कि ऐसी संस्थाओं को तन मन धन से सहयोग कर सशक्त करना चाहिए। राज्यसभा सांसद एवं संस्था के संरक्षक राधाकांत ओझा जी ने संस्कारी समाज बनाने के लिए संस्था द्वारा जो सराहनी कार्य किए जा रहे हैं वह एक उदाहरण है।

कार्यक्रम के सर्वे प्रथम संस्था के अध्यक्ष आशीष केसरवानी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। उक्त अवसर पर सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति राहुल जी जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीके सिंह महापौर गणेश केसरवानी विधायक दीपक पटेल विधायक गुरु प्रसाद मौर्य विधायक पियूष रंजन निषाद व्यवसायी संजीव अग्रवाल डॉक्टर बी बी अग्रवाल भाजपा जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता यमुना पार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता आशीष गुप्ता युवा नेता शैलेंद्र मौर्य मनोज श्रीवास्तव भाजपा एवं संस्था के प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव राजीव टंडन अनूप कुमार सहित भारी संख्या में लोगों को उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा पर ओमघाट में हुई गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

गंगा घाट की सफाई कर लिया स्वच्छता का संकल्प, गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने की अपील

प्रातः काल एक्सप्रेस



फतेहपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर गंगा बचाओ सेवा समिति, नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। आरती के बाद गंगा भक्तों ने दीपदान कर मां गंगा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बाराबंकी से आए आचार्य सीताराम द्विवेदी शास्त्री, कमलेश बक्स सिंह और राम कुमार सिंह एडवोकेट मुख्य यजमान रहे। गंगा आरती के दौरान गायत्री परिवार के रविंद्र सिंह ने कहा कि मां गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने लोगों से गंगा में गंदगी न डालने और नदी को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डीपीओ ज्ञान तिवारी ने उपस्थित गंगा भक्तों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर गायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्ता, पार्थ सिंह गौर, बड़े सिंह कछुवाह, पंकज कुमार, राघवेंद्र, अनुज, वीरेंद्र साहू, सुरेंद्र पाठक, प्रांशु रस्तोगी, विवेक, माधव दीक्षित, अहम शर्मा, सुमित, शिवम मिश्रा और आर्यन मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आदि कवि भगवान महर्षि वाल्मीकि जन्म उत्सव समारोह आज

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती का आयोजन दी ऑल इंडिया श्री वाल्मीकि यंग मैन एसोसिएशन की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित वाल्मीकि मंदिर में मनाया जाएगा।? 26 अक्टूबर को प्रातः 7:00 बजे युवा समाजवादी नेता संदीप यादव के अगुवाई में भगवान श्री वाल्मीकि जी की आरती एवं पूजन संपनन् होगा साथ ही साथ विद्यालय के बच्चों का पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपनन् होगा तथा प्रसाद वितरण भी होगा। तत्पश्चात विश्व हिंदू परिषद के पूर्व महानगर मंत्री पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में के नेतृत्व में पूजन अर्चन एवं गोष्ठी का आयोजन दोपहर 3:00 बैरिया जाता से शोभा यात्रा तथा मंदिर परिसर में श्रीमती निर्मला जी मंडली द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गायन प्रस्तुत किए जाएंगे।? दादोंप्रांत सायं काल 7:00 बजे उत्तर मध्य संस्कृतिक केंद्र के कलाकारों द्वारा गायन प्रस्तुति तथा मुख्य अतिथि नंद गोपाल गुप्ता कैबिनेट मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन एवं उद्बोधन का कार्यक्रम संपनन् होगा।? अध्यक्ष संदीप चौहान ने समाज के सभी वर्ग के लोगों से आग्रह करते हुए उक्त कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की।

असोथर में किसानों का शक्ति प्रदर्शन, महापंचायत में गरजे भाकियू महात्मा टिकैत के राष्ट्रीय अध्यक्ष

असोथर की गल्ला मंडी में जुटे हजारों किसान, एमएसपी और बिजली-खाद की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

प्रातः काल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर स्थित गल्ला मंडी समिति परिसर में रविवार को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट की महापंचायत आयोजित हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बच्चा तिवारी और युवा ब्लॉक अध्यक्ष मनीष सविता के नेतृत्व में आयोजित महापंचायत में सुबह से ही ट्रैक्टरों और बाइकों से हजारों किसान पहुंचे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए संगठन की मजबूती और एकजुटता पर जोर दिया।



महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान और राष्ट्रीय महासचिव रामदत्त मिश्रा का पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव, संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह यादव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह, जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी और युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को 101 किलो की माला पहनाकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान ने अपने संबोधन में किसानों की आर्थिक स्थिति और कृषि उपज के उचित मूल्य का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं होने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में किसान अपनी फसल कम कीमत पर बेचने को विवश होते है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने तथा खाद और बीज की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब वे एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के पदाधिकारियों से गांव-गांव जाकर संगठन का विस्तार करने और अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की अपील की। महापंचायत में मौजूद अन्य पदाधिकारियों ने भी किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने संगठन के माध्यम से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ने और जरूरत पड़ने पर अधिकारियों के समक्ष समस्याएं उठाने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष के संबोधन के दौरान किसानों ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे लगाकर समर्थन जताया। आयोजकों की ओर से महापंचायत में आए किसानों के लिए भोजन और पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम का संचालन किसान नेता लक्ष्मी चंद्र आर्य ने किया। महापंचायत में वेद सविता, रामकृष्ण मिश्रा, राजेंद्र मिश्र, बृजेंद्र प्रताप सिंह, पीके गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, भुवनेश्वर तिवारी, अनुराग सिंह, कल्लू भदौरिया, गिरजेश मिश्रा, रामबाबू सविता, महिला जिला उपाध्यक्ष फौजिया बानो, महिला जिलाध्यक्ष रिंकी जायसवाल, मंगल सिंह और विजय सिंह जरौली सहित संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

अटसू पांच दिवसीय महोत्सव में दो दिवसीय एतिहासिक विशाल दंगल का आयोजन

मुख्य अतिथि पूर्व डीआईजी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के नगर पंचायत अटसू में पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन नगर प्रशासन द्वारा कराया गया, नगर अध्यक्ष श्रीमती इंदु गुप्ता पतने स्वदेश प्रकाश पोरवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार के सौजन्य से पांच दिवसीय मेले में 25,26 अक्टूबर को दो दिवसीय एतिहासिक विशाल दंगल का आयोजन किया गया,जिसमें पहली कुश्ती कननैज निवासी शैलेंद्र और बांदा निवासी विवेक के साथ मुकाबला हुआ जिसमें शैलेंद्र विजयी घोषित हुए दंगल का उद्घाटन अटसू के वार्ड गांधीनगर,जानिसनगर निवासी मुख्य अतिथि पूर्व डीआईजी हरीश कुमार ने फीता काटकर किया, और समापन पूर्व विधायक, कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने किया, कार्यक्रम का संचालन पूर्व हरिश्चंद्रपाल और प्रभाकर कुशवाहा ने किया, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अजीतमल कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा, महोत्सव में 27 अक्टूबर को मुनि याचना तड़कावध के साथ पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन होगा 28 अक्टूबर को विशाल धनुषभंग का आयोजन तथा 29 अक्टूबर को रावण दहन के साथ अटसू महोत्सव समापन किया जाएगा।



कौशांबी और प्रतापगढ़ ने जीत के साथ सेमीफाइनल में किया प्रवेश

कौशांबी ने प्रयागराज को 16 रन से हराया, प्रतापगढ़ ने गाजीपुर पर 26 रन से दर्ज की जीत; आशीष आर्य और संतोष सिंह बने मैन ऑफ द मैच

प्रातः काल एक्सप्रेस



कौशाम्बी। टीचर्स लार्ड बुद्धा कप क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए मुकाबलों में कौशांबी और प्रतापगढ़ की शिक्षक टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीबीएस कालेज कादिलपुर में खेले गए मुकाबले में कौशांबी ने प्रयागराज को 16 रन से शिकस्त दी, जबकि विद्या भारती स्टेडियम में प्रतापगढ़ ने गाजीपुर को 26 रन से हराया। बीबीएस कालेज कादिलपुर में कौशांबी और प्रयागराज की शिक्षक टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। कौशांबी के कप्तान सुशील तिवारी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 161 रन बनाए। कौशांबी की ओर से सौरभ त्रिपाठी ने 37, मनोज वर्मा ने 30, आशीष आर्य ने 25, मारुति नंदन त्रिपाठी ने 15 और कप्तान सुशील तिवारी ने 11 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम निर्धारित 20 ओवर में 145 रन ही बना सकी। प्रयागराज की ओर से रंजीत रंजन ने 31, विनय कुमार सिंह ने 21 और शैलेंद्र यादव व विकास सिंह ने 20-20 रन बनाए। इस तरह कौशांबी ने 16 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। गेंदबाजी में राजेश शुक्ला और मनोज वर्मा ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि सूरज सिंह ने एक विकेट लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए आशीष आर्य को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। उधर, विद्या भारती स्टेडियम में प्रतापगढ़ और गाजीपुर के बीच मुकाबला खेला गया। प्रतापगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 142 रन बनाए। टीम की ओर से दुष्यंत सिंह और संतोष सिंह ने 36-36 रन, जबकि प्रशांत सिंह और राजीव सिंह ने 21-21 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गाजीपुर की टीम 116 रन ही बना सकी। गाजीपुर की ओर से संदीप ने 33 और संजीव सिंह ने 24 रन बनाए। प्रतापगढ़ की ओर से मुनन यादव ने दो और संदीप यादव ने एक विकेट हासिल किया। प्रतापगढ़ ने यह मुकाबला 26 रन से जीत लिया। संतोष सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया।

दिन दहाड़े सुने घर का ताला तोड़कर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः काल एक्सप्रेस

देविगजं/कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के साढों गांव में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े नकदी व जेवर पार कर दिया, घर लौटे गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के साढों गांव निवासी राम कुमार पुत्र देवीदिन ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि रविवार की सुबह वह अपनी पतने कुसमा देवी के साथ खेत धान काटने गया था, घर में मौजूद बेटी रोशनी देवी खाना बनाकर घर में ताला लगाकर खेत खाना देने गई थी, राम कुमार का आरोप है कि लगभग 12 बजे अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और कमरे में रखा बक्से से लगभग 15 हजार नकदी एवं एक मंगल सूत्र , एक छागल , हाफ पेटी , एक जोड़ी पायल आदि जेवर पार कर दिया। खेत से घर लौटा तो घर का ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

सोफे पर सो रही मासूम की आग से जलकर मौत

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । चरवा थाना क्षेत्र के बेरुवा गांव में रविवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सोफे पर सो रही महज तीन महीने की मासूम शिवांशी की आग से जलकर मौत हो गई। बच्ची को बचाने की कोशिश में उसके चाचा भी झुलस गए। आग लगने की वजह अभी पता नहीं चल सकी है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। चरवा थाना क्षेत्र के बेरुवा गाँव में तीन माह की मासूम शिवांशी सोफे पर सो रही थी। प्रत्यदशिर्यों की माने तो कमरे में अचानक आग लग गई। बच्ची की मां नेहा देवी कमरे में पहुंचीं तो मासूम को आग की लपटों से घिरा देखकर चीखने लगीं। आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्ची को बाहर निकाला। मासूम को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आग में कमरे का सामान भी जलकर राख हो गया। बच्ची को बचाने के दौरान उसके चाचा विनोद भी झुलस गए। जिस घर में तीन महीने पहले बेटी की किलकारियां गूंजी थीं, वहां अब मातम पसरा है। इकलौती बेटी को खोने के बाद माता-पिता और दादी का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मारपीट के आरोप में युवक के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के थांभा गांव में मामूली बात को लेकर पड़ोसी ने युवक के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और धमकी देने लगा, पीडि़त की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के थांभा गांव निवासी कमलेश पुत्र ललू ने मंझनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की शाम साढ़े छः बजे के करीब उसका भाई लवलेश कुमार घर आ रहा था इस दौरान एक युवक अपने पिता के साथ मारपीट कर रहा था तो बीच बचाव करने पर विपक्षी ने उसके सिर पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया जिसके बाद घायल लवलेश को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीडि़त की शिकायत पर मंझनपुर पुलिस ने सूरज पुत्र शिवभवन के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

डीएम और एसपी ने सख्ती से निरीक्षण के साथ संपन्न कराई पी ई टी परीक्षा

सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता और सुरक्षा व्यवस्था परखी

प्रातः काल एक्सप्रेस



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पी ई टी) को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपनन् कराने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रविवार को जनपद के विभिनन् परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, एएस इंटर कॉलेज, निरंकारी इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और मुस्लिम इंटर कॉलेज में परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और अभ्यथिर्यों की सुविधाओं की जांच की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रहें और परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जाए। अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा अवधि में सतर्कता बरती जाए, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपनन् हो सके।

खेल-खेल में नौनिहालों का होगा बौद्धिक विकास, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों की पहल

सीडीओ की अभिनव पहल से आंगनबाड़ी केंद्र बने बच्चों की पहली पाठशाला, दीवारों पर चित्रकारी से मिल रहा अक्षर ज्ञान

झांसी। जनपद में प्रारंभिक बाल शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अभिनव पहल पर आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों का खेल-खेल में बौद्धिक एवं शारीरिक विकास करना और उन्हें स्कूल पूर्व शिक्षा के प्रति आकर्षित करना है। जनपद में अब तक 80 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जा चुका है। बड़ागांव विकासखंड के कोट (बेहटा) और बबीना विकासखंड के लेवा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र इस पहल के उदाहरण बनकर सामने आए हैं।मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने बताया कि जनपद के आठ विकासखंडों में 10-10 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में



विकसित करने की पहल की गई है। इन केंद्रों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण में शिक्षा, पोषण और मनोरंजन की सुविधाएं मिल सकें। विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से इन केंद्रों को बाल मैत्री और आकर्षक बनाया जा रहा है।

मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों की सबसे बड़ी विशेषता यहां की दीवारों पर की गई आकर्षक वॉल पेंटिंग है। भवन की दीवारों, सीढ़ियों, दरवाजों और खुले स्थानों को शिक्षण सामग्री के रूप में विकसित किया गया है। हिंदी एवं अंग्रेजी वर्णमाला, अंक, ज्यामितीय आकृतियां, दिशाएं, जीव-जंतु, सौरमंडल और सामान्य ज्ञान से संबंधित चित्रों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिल रहा है। इस व्यवस्था के तहत भवन की हर दीवार एक पाठशाला की तरह बच्चों को नई जानकारी दे रही है।कोट (बेहटा) और लेवा के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को रोचक जानकारियां दी जा रही हैं। लघु फिल्मों के जरिए उन्हें जागरूक करने के साथ ही चित्रों के माध्यम से सौरमंडल सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। इससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने और उनकी समझ विकसित करने में मदद मिल रही है।बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रों में रंगीन टेबल-कुर्सियां, किताबों का कोना, झूले, पेंटिंग और ज्यामितीय आकृतियों से सुसज्जित स्थान विकसित किए गए हैं। इसके अलावा बाल मैत्री शौचालय, स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ, हाथ धोने की व्यवस्था, पोषण वाटिका और बगीचे जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्रों के बरामदों और बाहरी दीवारों को भी आकर्षक चित्रकारी से सजाया गया है, जिससे बच्चों को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति और पोषण अभियान के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और सुरक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इन केंद्रों को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि बच्चे यहां केवल शिक्षा ही न प्राप्त करें, बल्कि खेल और गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं क्षमताओं का भी विकास कर सकें।

झांसी की बेटी अदिति भटनागर अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाएंगी भारत का गौरव



झांसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की शौर्यभूमि झांसी के प्रेमगंज निवासी डॉ. अर्चना भटनागर की सुपुत्री अदिति भटनागर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों से बुंदेलखंड का मान अंतरराष्ट्रीय पटल पर बढ़ा रही हैं। सौंदर्य प्रतियोगिताओं के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकीं अदिति अब नवंबर में थाईलैंड के फुकेत में आयोजित होने वाली मिस प्लानेट इंटरनेशनल प्रतियोगिता में 110 देशों की प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।अदिति वर्ष 2023 में मिस प्लानेट इंडिया व मिस ग्लोब इंडिया 2026 के माध्यम से वह वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति, परंपरा और गौरव का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल झांसी और बुंदेलखंड, बल्कि समूचे देश के लिए गर्व का विषय है।अदिति का उद्देश्य सौंदर्य और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति तक सीमित न रहकर सामाजिक कल्याण एवं जागरूक जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करना है। इसी दिशा में सनशाइन स्किन्स की डॉ. अर्चना के सहयोग से पांच जरूरतमंद युवतियों को विवाह के अवसर पर निःशुल्क सौंदर्य उपचार उपलब्ध कराने की पहल की गई है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ जीवन की नई शुरुआत कर सकें। वह मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रयासरत है।इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा की तैयारी में मोना'ज क्लोसेट ने अदिति के गाउन की डिजाइनिंग एवं तैयारी में सहयोग दिया है। झांसी की जानी-मानी समाजसेविका नीति शास्त्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया है। इससे पूर्व अदिति नेपाल के काठमांडू में आयोजित इंटरनेशनल यूथ गॉस 2025 में योग के लिए कांस्य पदक अर्जित कर चुकी हैं। प्रेमगंज की गलियों से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने वाली अदिति भटनागर की यह यात्रा प्रतिभा, संकल्प और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। अब सभी की निगाहें थाईलैंड में होने वाली प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां झांसी की यह बेटी भारतीय संस्कृति और गौरव की पताका फहराने के लिए कदम बढ़ाएगी।

जन अधिकार पार्टी को दयाराम कुशवाहा मुखिया ने दिया सहयोग

संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने का लिया संकल्प



झांसी। जन अधिकार पार्टी को मजबूत बनाने और संगठन के विस्तार के उद्देश्य से पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दयाराम कुशवाहा मुखिया ने 11 लाख का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा को 11 लाख का चेक सौंपा।

इस सहयोग के माध्यम से पार्टी संगठन को सशक्त बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने का संकल्प व्यक्त किया गया। साथ ही विधानसभा क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

पार्टी नेतृत्व ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। वहीं दयाराम कुशवाहा मुखिया ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया।जन अधिकार पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और क्षेत्र में अपनी राजनीतिक गतिविधियों को तेज करने की दिशा में प्रयासरत है।

सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जनपद अधिवेशन में निर्विरोध चुनाव संपन्न, लखनलाल सक्सेना बने जिलाध्यक्ष

झांसी। सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद, झांसी का जनपद अधिवेशन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अधिवेशन के दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। चुनाव में लखनलाल सक्सेना को जिला अध्यक्ष, दशरथ रजक को जिला मंत्री तथा आसाराम रायकवार को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में लगभग 300 शिक्षकों की उपस्थिति रही। उपस्थित शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और सेवानिवृत्त शिक्षकों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लखनलाल सक्सेना रहे। मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभू दयाल यादव एवं सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने की।

अधिवेशन में प्रदेश महामंत्री गुलाबचंद तिवारी सहित प्रदेश उपाध्यक्ष आसाराम रायकवार, जसवंत सिंह, मातादीन द्विवेदी, प्रभाकर शास्त्री एवं अवनीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त इटावा के जिला अध्यक्ष ब्रजेश यादव, हरिराम खरे, फर्रुखाबाद के जिला अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, जिला मंत्री



दशरथ रजक, ब्लॉक अध्यक्ष चिरगांव लालाराम, कल्याण घोष, सीताराम यादव, रामबाबू मोंठ, भगत सिंह सैंगर, बृजकिशोर यादव (जालौन), अशोक तिवारी, बृजेश द्विवेदी एवं डोना देसाई सहित अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। महाराष्ट्र की सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा शिक्षा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित किया है। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव, मार्गदर्शन और सामाजिक योगदान समाज के लिए अमूल्य है। ऐसे में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करना और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रयास करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसकी एकता, पारदर्शिता और सदस्यों के प्रति समर्पण में निहित होती है। निर्विरोध चुनाव संपन्न होना आपसी विश्वास, सामंजस्य और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और उनके सम्मान, अधिकारों तथा कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।

डॉ. सरावगी ने आगे कहा कि संघर्ष सेवा समिति सदैव सामाजिक सरोकारों, जरूरतमंदों की सहायता और समाज के विभिन्न वर्गों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। शिक्षक समाज के हित में होने वाले सकारात्मक प्रयासों में समिति अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर रहेगी।अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्यदेव सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने और परिषद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर जोर दिया। निर्विरोध निर्वाचन को संगठन के प्रति विश्वास और एकजुटता का परिणाम बताया गया।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अधिवेशन में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी ने संगठन की सक्रियता और सेवानिवृत्त शिक्षक समुदाय की एकजुटता को प्रदर्शित किया।

दशहरा मेले का भव्य शुभारंभ, कैंसर जाँच मशीनों के लिए जुटाई जाएगी राशि

झाँसी। रोटरी क्लब ऑफ झाँसी रानी एवं रोटरी क्लब एलीट के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजा गंगाधर राव कला मंच स्थित मुक्ताकाशी मंच पर दो दिवसीय दशहरा मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले में 47 से अधिक स्टॉल, गेमिंग जोन, फूड स्टॉल और आकर्षक लकी ड्रॉ लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मेले का प्रमुख उद्देश्य मनोरंजन के साथ समाजसेवा को बढ़ावा देना है। दोनों क्लबों ने मेले से प्राप्त आय के माध्यम से 30 लाख रुपये से अधिक की लागत की कैंसर जाँच मशीनें मेडिकल कॉलेज झाँसी को समर्पित करने का संकल्प लिया है। इन मशीनों से स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की जाँच सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वहीं, लकी ड्रॉ में मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रिक स्कूटर, फ्रिज, टीवी और कूलर सहित आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। इससे प्राप्त राशि से कैंसर पीड़ितों की सहायता का लक्ष्य भी रखा गया है।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दोनों क्लबों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक आयोजनों से प्राप्त संसाधनों का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में करना प्रशंसनीय है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं।

रोटरी क्लब ऑफ झाँसी रानी के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने बताया कि 31 वर्षों से चली आ रही दशहरा मेले की परंपरा को पुनः भव्य स्वरूप में शुरू किया गया है। इस वर्ष रोटरी क्लब एलीट भी आयोजन में सहभागी बना है। उन्होंने शहरवासियों से 25 अक्टूबर की रात तक चलने वाले मेले में सपरिवार पहुँचकर आयोजन का आनंद लेने और सामाजिक उद्देश्य में सहयोग करने की अपील की।

शुभारंभ अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ झाँसी रानी के सचिव संजीव बब्बर, रोटरी क्लब एलीट के अध्यक्ष पवित्र खनन, सचिव निमिष खनन, मेला चेयरमैन रोहित मार्टा सहित दोनों क्लबों के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भगवान श्रीराम की गौरव गाथा और भजन संध्या से सजेगा गहोई गौरव दशहरा मिलनोत्सव

27 अक्टूबर को लक्ष्मी व्यायाम मंदिर में होगा भव्य आयोजन, गहोई समाज के बंधु सपरिवार होंगे शामिल

झांसी। गहोई गौरव संस्था की ओर से आयोजित होने वाले दशहरा मिलनोत्सव को लेकर रविवार को होटल प्रभा में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। संस्था अध्यक्ष गोपाल मर की अध्यक्षता में हुई पत्रकार वार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि 27 अक्टूबर, मंगलवार को शाम सात बजे श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर (एलवीएम), झांसी में दशहरा मिलनोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान श्रीरामचंद्र जी के जीवन पर आधारित गौरव गाथा का मंचन और भव्य भजन संध्या आकर्षण का केंद्र रहेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गहोई गौरव के संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने बताया कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष दशहरा मिलनोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम को विशेष रूप देने की तैयारियां की गई है। भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित गौरव गाथा की प्रस्तुति के साथ भजन गायकों द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।कार्यक्रम निदेशक नितिन सरावगी ने बताया कि गहोई गौरव संस्था पिछले 12 वर्षों से गहोई समाज के लिए दशहरा मिलन उत्सव का आयोजन करती आ रही है। हर वर्ष प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। इस बार भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों को प्रस्तुत किया जाएगा।कार्यक्रम निदेशक सुनील बिलैया 'बब्बल' ने कहा कि गहोई गौरव झांसी की अग्रणी सामाजिक संस्थाओं में शामिल है। संस्था के सदस्य समाज के लोगों को जोड़ने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रहते हैं। उन्होंने गहोई समाज के सभी बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। आयोजन में रात्रिभोज के साथ मीठे पान की व्यवस्था भी रहेगी।

संस्था अध्यक्ष गोपाल मर ने कहा कि गहोई गौरव एक सामाजिक संस्था है, जो सर्वसमाज के लिए कार्य करती है। संस्था का दशहरा मिलन समारोह झांसी के गहोई समाज के प्रमुख आयोजनों में शामिल है, जिसका समाज के लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। वहीं, पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर सेठ ने कहा कि दशहरा मिलनोत्सव सामाजिक एकता और सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर समाज के लोग एक-दूसरे से गले मिलकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हैं।पत्रकार वार्ता में राम कुमार लोहिया, केडी गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता 'राजू', अमित सेठ 'सर जी', विवेक सेठ, अमर नगरिया, विजय गुप्ता 'गब्बर', सतीश सेठ और शैलेन्द्र डेंगरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकाश नीखरा ने किया, जबकि महामंत्री अमर नगरिया ने आभार व्यक्त किया।

बुंदेलखंड में कम पानी की खेती और कृषि कारोबार के नए विकल्पों पर मंथन

किसान महासभा में जल संरक्षण, दलहन-तिलहन, औषधीय खेती और वैल्यू एडिशन पर चर्चा, 10 किसानों को मिला 'कृषि वीर' सम्मान

झांसी। बुंदेलखंड में पानी की कमी और खेती की बढ़ती लागत के बीच किसानों की आमदनी बढ़ाने के नए विकल्पों पर शनिवार, 24 अक्टूबर को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम में किसान कारवां 2.0 की पांचवीं क्षेत्रीय किसान महासभा आयोजित हुई। किसान तक की इस पहल में कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों ने जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, औषधीय खेती तथा कृषि उत्पादों के मूल्यवर्धन पर विचार साझा किए।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेत तालाब योजना ने बुंदेलखंड में खेती को सहारा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 22 एकड़ क्षेत्र में बने तालाबों से करीब 300 एकड़ कृषि फार्म को लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों को स्थानीय मिट्टी, जलवायु और संसाधनों के अनुसार फसलों का चयन करने की सलाह दी।महासभा में अधिष्ठाता मात्स्यिकी डॉ. पीके पांडे ने मत्स्य पालन को अतिरिक्त आय का माध्यम बताया। महोबा की युवा महिला उद्यमी मयंकिता चौरसिया ने पान की खेती और उससे जुड़े उत्पादों में मूल्यवर्धन के अनुभव साझा किए। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने दलहन-तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों और उपयुक्त किस्मों को अपनाने पर जोर दिया।'कम पानी में दम दिखाने वाली फसलें' विषयक सत्र में निदेशक शोध डॉ. एसके चतुर्वेदी, अधिष्ठाता कृषि डॉ. आरके सिंह और प्रगतिशील किसान पुष्पेंद्र यादव ने विचार रखे। पुष्पेंद्र यादव ने तुलसी जैसी औषधीय फसलों की खेती और प्रसंस्करण से किसानों के लिए कारोबार के नए अवसरों की जानकारी दी। महासभा में कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों और किसानों के बीच संवाद मजबूत करने के लिए कृषि परिषद के गठन की पहल पर भी चर्चा हुई।महासभा में खेती में नवाचार, कृषि उद्यमिता और फसल विविधीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 10 किसानों को कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।सम्मानित किसानों में पुष्पेंद्र सिंह यादव (झांसी), दीप नारायण पांडे (चित्रकूट), अशोक कुमार सिंह (जालौन), आलोक सिंह (बांदा), राजकुमार चौरसिया और डॉ. ध्वजपाल सिंह (महोबा), राजकुमार पांडे और मिथुन राजपूत (हमीरपुर), कोमल प्रसाद अहिरवार (ललितपुर) तथा तान्या बंसल (झांसी) शामिल रहे।

पटेल पुस्तकालय पर ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता संपन्न

झाँसी । पटेल सेवा संस्थान ने अखंड भारत के निर्माता भारत रत्न लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती पर पटेल सप्ताह के रूप में मनाते हुए सरदार पटेल पुस्तकालय भेल आवास पुरी में बच्चों की ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय नीलेश पटेल जी (महाप्रबंधक भेल) रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के बुंदेलखंड अध्यक्ष पटेल अवधेश निरंजन ने की एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ बीके निरंजन (प्रदेश अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षा संगठन उ.प्र.) राम किशुन निरंजन (संस्थापक विवेक निरंजन फाउंडेशन झांसी)व पटेल विनोद निरंजन (बुंदेलखंड महामंत्री पटेल समाज) रहे। अतिथियों का स्वागत संस्थान के पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय व विशिष्ट अतिथियो ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने छोटे-छोटे बच्चों को ड्राइंग शीट वितरित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

संस्थान के पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि को का माल्यार्पण कर उनको शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए सरदार पटेल जी का चित्र भेंट किया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की आज हम जिस अखंड भारत को देख रहे



है यह सिर्फ और सिर्फ सरदार पटेल की देन है स्वतंत्रता के बाद यह देश छोटी-छोटी रियासतों में बटा हुआ था और उनको इकट्ठा करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई थी स्वतंत्रता के बाद यह जिम्मेदारी सरदार पटेल को सौंपी गई जिसे बखूबी निभाते हुए उन्होंने सभी रियासतों को खत्म कर अखंड भारत का निर्माण किया पटेल सेवा संस्थान के सामाजिक कार्यों की जो मुझे जानकारी हुई है निश्चित रूप से निरंतर इतने वर्षों से यह जो सामाजिक कार्यों को कर रहे हैं विशेष तौर पर बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उनके कार्यक्रमों का जो आयोजन करते है संस्थान के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है और मैं उनको धन्यवाद देता हूं मुझे विश्वास है कि संस्थान निरंतर ऐसे ही सेवा के कार्यों को करतेरहेंगे । अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि पटेल सेवा संस्थान लगभग 30 वर्षों से समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यो को कर रहा है विशेष तौर पर किसी भी राष्ट्र के निर्माण उनन्ति में उसके बच्चों की भागीदारी प्रमुख होती है उस क्षेत्र में पटेल सेवा संस्थान हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते हुए कार्यरत है बच्चों को प्रतियोगिता के माध्यम से निबंध,ड्राइंग,दौड़ प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर नृत्य कला के द्वारा उनका मार्ग प्रशस्त करता है एवं शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरदार पटेल पुस्तकालय का निशुल्क संचालन संस्थान कर रहा है जो निश्चित रूप से एक अति सराहनीय कार्य है मैं पटेल सेवा संस्थान के कार्यों से सीख लेकर समाज सेवा के कार्यों को करता हूं।

कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक सदस्य डॉ वेद एन सचान जी,पू.अध्यक्ष गुलजारी लाल निरंजन, अनिलेश सचान, वीरेंद्र कुमार, राम सिंह राज किशोर कटियार ,ओ पी निरंजन,लाल साहब पटेल, मार्गदर्शक सदस्य प्रभात कटियार,संतन शरण, विपिन पटेल, अवध बिहारी सिंह, गिरिजा प्रसाद, कमलेश निरंजन,सुधांशु मोहन निरंजन,महेंद्र सिंह निरंजन, रोहित पटेल, संतोष निरंजन, कमलजीत सचान,देवेंद्र निरंजन, वंशराज पटेल, शिवकुमार पटेल,संतोष पटेल, आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 350 छात्र/ छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन संस्थान के अध्यक्ष पटेल कुं. वीरेंद्र निरंजन ने किया एवं समस्त अतिथियों एवं सदस्यों का आभार संस्थान के महामंत्री पटेल राजेश सचान ने व्यक्त किया।

मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ में उमड़ा आज श्रद्धालुओं का सैलाब

जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशन में मेला क्षेत्र में किए गए बेहतर इंतजामों की श्रद्धालुओं ने की सराहना

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मेला क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु सिद्धपीठ पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशन में मेला क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है, जिनकी श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि मां के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा वे शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में दर्शन-पूजन कर सकें। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेला क्षेत्र में व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं पर निरंतर नजर रखने तथा आवश्यकता के अनुसार समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों को लेकर श्रद्धालुओं ने संतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर समस्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

अंतिम सूची जारी करने से पूर्व लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आम सहमति बनाने पर जिला प्रशासन का विशेष जोर

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में, मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर समस्त राजनीतिक दलों के साथ उनके निवास स्थित सभागार में बैठक आयोजित हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) पर मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी चौहान ने बताया कि आयोग के मानकों के अनुरूप 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों का युक्तिसंगत सम्भाजन किया गया है। इसके साथ ही कम मतदाता संख्या वाले एवं अव्यावहारिक मतदेय स्थलों का नियमानुसार नजदीकी बूथों में विलय किया गया है। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर लंबी कतारों को कम करना तथा मतदाताओं को बिना किसी परेशानी के सुगमतापूर्वक मतदान का अवसर उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं पारदर्शिता का पालन करते हुए सम्भाजन के उपरांत मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची पहले ही सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई थी।बैठक में बताया गया कि 25 अक्टूबर 2026 तक सूची के संबंध में विभिनन राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से लिखित सुझाव, आपत्तियां एवं फीडबैक प्राप्त किए गए है, ताकि आवश्यकतानुसार मतदेय स्थलों में व्यावहारिक परिवर्तन नियमानुसार किए जा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्राप्त सभी वैध सुझावों एवं आपत्तियों का गंभीरता से निस्तारण किया जाएगा। मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप देने से पूर्व प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार करते हुए सभी संबंधित पक्षों की सहमति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सकुशल संपनन कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी लवी त्रिपाठी, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विशनेई, सपा से चौधरी अब्दुल गफूर, कांग्रेस से सुधांशु धनगर तथा सांसदों एवं विधायकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हवन-पूजन और भंडारे के साथ मां शाकंभरी देवी मेले का समापन

प्रातः काल एक्सप्रेस



संवाददाता, चिलकाना। तेलीपुरा स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर में चल रहे दो दिवसीय मेले का रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समापन हुआ। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। समापन अवसर पर पंडित सत्येंद्र कुमार शर्मा ने मंत्रोच्चार के बीच हवन संपनन कराया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के अंतर्गत शनिवार रात आयोजित भजन संध्या में हरियाणा के जुड्डी से आई कन्हैया एंड पार्टी ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। कार्यक्रम में चौधरी नवाब, चौधरी अनूप, चौधरी कुलदीप, चौधरी महेंद्र और अनूप प्रधान सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

अग्रवाल सम्मेलन की जिला युवा इकाई गठित, अतुल अग्रवाल बने संरक्षक

प्रातः काल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला युवा इकाई का गठन किया गया। महामंडलेश्वर श्री बालकानंद गिरी जी महाराज (आनंद अखाड़ा) के आह्वान पर तथा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणीः- संरक्षकः सीए अतुल अग्रवाल - अध्यक्षः राजशाह - उपाध्यक्षः प्रसून अग्रवाल- सचिवः अमोल अग्रवाल - कोषाध्यक्षः तुषार महामंडलेश्वर ने कहा कि युवा शक्ति को संगठित करना समय की आवश्यकता है। संरक्षक अतुल अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को एकजुट कर जनकल्याणकारी कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज की ओर से महर्षि वाल्मीकि और भगवान श्री राम की आकर्षक झांकियों के साथ नगर सुल्तानपुर चिलकाना में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री महिपाल वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने तथा एकता, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन अकबर कुरैशी और बीजेपी नेता आमिर जैदी ने भी महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से आकाश काशी, अमजद मेंबर, बीजेपी के नामित सभासद विनय कश्यप, यूनुस कुरैशी, अमित परछा, टिंकू वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

गुरु गद्दी उन में कल आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय संत समागम

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर/शामली। अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन की प्राचीन गुरु गद्दी उन जिला शामली में मंगलवार को गुरु ज्ञान भिक्षुकदास जी महाराज को समर्पित अंतराष्ट्रीय महान सत्संग का आयोजन किया जाएगा। गुरु गद्दी उन के महंत आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया मिशन के संस्थापक सतगुरु समनदास जी महाराज को ज्ञान देकर उन्हें महान संतरूपी चोला देने वाले पूज्य गुरुदेव स्वामी ज्ञानभिक्षुक दास जी महाराज का 174वाँ प्रकटोत्सव गुरु गद्दी उन में मंगलवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में देशभर से अनुयायी जुटेंगे और प्राचीन गुरु गद्दी उन का दर्शन दीदार कर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। संत कंवरपाल ब्रह्मचारी जी महाराज ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही है।

दिवंगत उपनिरीक्षक अरुण चाहर को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम सलामी

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। थाना सिविल लाइन क्षेत्र की स्टेडियम चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण चाहर का सड़क दुर्घटना में निधन होने से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। शनिवार, 24 अक्टूबर की रात्रि को थाना जानसठ क्षेत्र में हुई दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वह शासकीय कार्य से थाना जानसठ क्षेत्र में गए थे और वहां से थाना सिविल लाइन वापस लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल उपनिरीक्षक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), जानसठ में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस लाइन में दी गई अंतिम सलामी दिवंगत उपनिरीक्षक अरुण चाहर को पुलिस लाइन, मुजफ्फरनगर में पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ तथा पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और पुलिसकमिर्यों ने दिवंगत उपनिरीक्षक के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके कर्तव्यनिष्ठ जीवन को नमन किया। इसके बाद पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ परिजनों को सौंपकर उनके निवास स्थल के लिए रवाना किया गया। परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा मुजफ्फरनगर पुलिस ने उपनिरीक्षक अरुण चाहर के निधन को पुलिस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। पुलिस विभाग की ओर से शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, परिजनों को नियमानुसार मिलने वाले सभी सेवा संबंधी लाभ तथा पुलिस वेतन पैकेज के अंतर्गत अनुमन्य सुविधाएं दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस कठिन समय में विभाग शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मुजफ्फरनगर पुलिस ने दिवंगत उपनिरीक्षक अरुण चाहर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

थाना गंगोह पुलिस द्वारा अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ 1 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक थाना गंगोह श्री राकेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस द्वारा आज दिनांक 25/10/2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सौरभ पुत्र राजेश नि0 मौ0 मखदूम जहां सराय कस्बा व थाना गंगोह जिला सहारनपुर को ग्राम बुड्ढाखेडा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना गंगोह पर मु0अ0सं0 488/26 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। क्षेत्र के गांव चोरीमंडी में मिशन शक्ति फेज-6 के तहत बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवादों की रोकथाम और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक सुमन सिंह ने सास-बहू और बेटियों के बीच आपसी समझ, सम्मान और संवाद पर जोर देते हुए विवादों को बातचीत से सुलझाने की अपील की। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने को कहा। इस दौरान सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।? कार्यक्रम में महिला मुख्य आरक्षी सुनीता, रचना और रिक्रूट महिला आरक्षी मंजू मौजूद रहीं।

श्रीराम कॉलेज में 'तरंगः रिदम ऑफ न्यू बिगिनिंग्स' फ्रेशर पार्टी का आयोजन

प्रातः काल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। श्रीराम कॉलेज के बेसिक साइंस संकाय द्वारा 'तरंगः रिदम ऑफ न्यू बिगिनिंग्स' शीर्षक से फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य और संगीत की महफिल सजी। कार्यक्रम का शुभारंभः श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल और डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीन डॉ. पूजा तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियांः विशाखा, प्राची और आयुषी की गणेश वंदना से शुरुआत हुई, जिसके बाद बॉलीवुड, पंजाबी और हरियाणवी गीतों पर एकल, युगल और समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए।

विजेताः- एकल नृत्यः दीक्षा ओम

- युगल नृत्यः लक्ष्मी और कशिश

- समूह नृत्यः अदनान, प्रियांशु, शीतांशु, वंश, जुनैद, सुहैल मुक्करर्म अली फ्रेशर खिताबः सनतक में मिस्टर फ्रेशर प्रियांशु और मिस फ्रेशर साक्षी तिवारी, जबकि सनतकोत्तर में मिस फ्रेशर प्राची बनीं। चेयरमैन डॉ. कुलश्रेष्ठ ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

खुल्दाबाद में निर्माणाधीन भवन हादसाः नगर आयुक्त ने ठेकेदार पर 10 लाख और थर्ड पार्टी एजेंसी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज जोन-1 खुल्दाबाद कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का कुछ हिस्सा गिरने के मामले में जांच कमेटी ने रिपोर्ट सौप दी है। रिपोर्ट पर नगर आयुक्त साई तेजा ने सख्त कार्रवाई की है।की गई कार्रवाईः1. कार्यदायी संस्था मेसर्स मोहम्मद अलीमङ पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया कि क्यों न उनकी फर्म को काली सूची में डाला जाए।2. थर्ड पार्टी एजेंसी बीएलजी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया कि समय पर गुणवत्तापूर्ण जांच क्यों नहीं की गई।3. डविभागीय इंजीनियरों - अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता को भी लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस दिया गया। साथ ही निर्माण सामग्री के नमूने जांच के लिए थर्ड पार्टी एजेंसी राइट्स को भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद और भी कार्रवाई हो सकती है।